खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम: 08°C

बरेली, रविवार 8 फरवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 70 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत-अमेरिका व्यापार ढांचा मेक इन इंडिया को देगा नई गति: योगी पेज 2



टी-20 विश्व कप से हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्सः अनिल अंबानी की चैट सामने आई पेज 11



रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड

## सोनिया गांधी का वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

- वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले
- क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है।

यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज (सीबीआई) विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिये दायर जवाब में सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने आथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

# भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म

- अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी
- अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई
- समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगा: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।


### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।

# पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा: अमेरिका

## ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर

वाशिंगटन, वार्ता



- अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश
- पाक पीएम ने कहा था: कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम



- विदेश मंत्रालय ने कहा: देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना

- भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

**नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की**

### डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

# नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

### व्यापार समझौते पर बोला हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।


कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।

### गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

# आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।

### इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजयों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250300
प्रति किलो



# भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

**■ अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया**

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा। यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

### सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

# चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।

इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता



**■ एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

**■ आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया**

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

# फर्जी हॉस्पिटल दिखाकर एक लाख का बीमा लिया

### बजाज इंश्योरेंस को लगाया चूना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में बीमा धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां फर्जी हॉस्पिटल और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बजाज इंश्योरेंस कंपनी से एक लाख रुपये का क्लेम हासिल कर लिया गया। कंपनी की जांच में जब सच्चाई उजागर हुई तो सब सन्न रह गये। रीजनल हेड की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बजाज इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल हेड सुधीर मिश्रा द्वारा दर्ज कराई एफआईआर के मुताबिक शहर के मोहल्ला पचदरा के रहने वाले आमिर अब्बास ने अपने पहचान पत्र का दुरुपयोग किया। उन्होंने गायत्री हॉस्पिटल में अपनी पत्नी खुशनुमा का इलाज कराना दिखाया और कूटरचित बिल और जांच रिपोर्टों के आधार पर क्लेम के लिए फाइल ऑनलाइन करा दी। यह क्लेम फ्री पोस्ट क्लेम का हिस्सा था। लिहाजा, कंपनी ने आमिर अब्बास के दावे का निपटारा करते हुए उनके खाते में एक लाख रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन बाद में कंपनी के अधिकारियों ने मामले की जांच की

**रीजनल हेड की तहरीर पर दो के खिलाफ रिपोर्ट**

तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोप है कि आमिर अब्बास ने जिस गायत्री हॉस्पिटल के बिल फाइल में लगाए थे वह हॉस्पिटल धरातल पर नहीं है। जानकारी पर कंपनी अधिकारियों ने आमिर अब्बास से उनकी पत्नी खुशनुमा के इलाज के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा तो उन्होंने जानबूझकर लिखित बयान दिया कि उनकी पत्नी का इलाज गायत्री हॉस्पिटल में हुआ था। जिससे साफ है कि आमिर अब्बास ने कंपनी को धोखा देकर बीमा क्लेम लिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में रीजनल हेड सुधीर मिश्रा की तहरीर पर आमिर अब्बास और मनीष वार्ष्णेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्लाट खुदाई के दौरान विवाद, मारपीट में युवक की मौत

### समझौते की कोशिशे नाकाम, पांच पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्लॉट की बुनियाद खुदाई के दौरान हुए विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। कहासुनी के बाद हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। मृतक के साले की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मीरा सराय की थी। यहां पर 48 वर्षीय जुल्फिकार का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा बच्चे भी हैं। बुधवार सुबह जुल्फिकार गांव में ही अपना प्लॉट बनाने के लिए बुनियाद की खुदाई करवा रहे थे। उसी दौरान कुनबे के शेर अली, अनस, आयशा ने वहां पहुंचकर हंगामा कर दिया था। मारपीट के दौरान आरसीसी सड़क पर गिरकर घायल जुल्फिकार की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर गांव पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उसी दिन से दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास चल रहे थे, एक जनप्रतिनिधि के बेटे ने भी गांव पहुंचकर दोनों पक्षों में बातचीत कराई थी लेकिन समझौते की कोशिशें नाकाम रहीं। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जुल्फिकार की मौत का कारण हार्ट अटैक होना बताया गया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जुल्फिकार की मौत का कारण हार्ट अटैक आया है। मामले में जुल्फिकार के मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव कुंडामीरपुर निवासी साले अशरफ ने शेर अली, अनस, आयशा, शेर अली के तहेरे भाई इंतजार और बहनोई छिद्दू के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की गहनता से जांच की जांच की जा रही है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

### परिवार में छाया मातम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम 22 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जवान बेटे के आत्मघाती कदम की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के पीछे कारणों का खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है।

घटना शाम करीब पांच बजे क्षेत्र के गांव भटपुरा के जंगल से गुजर रही रेलवे लाइन की है। गांव में स्व.भरत सिंह का परिवार रहता है। पांच साल पूर्व उनकी मृत्यु हो गई थी। बताया जा रहा है कि परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। उनका मंझला बेटा सरस अविवाहित था और वह पेंटर का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह मां के साथ रेलवे लाइन के पास स्थित खेत पर गया था। बताया जा रहा है कि उसी दौरान सरस ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ मौजूद मां घटना की भयावहता के कारण कुछ समझ नहीं सकीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद रजबपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक घर में किसी प्रकार का कोई विवाद या पारिवारिक तनाव नहीं था। करीब पांच वर्ष पहले भरत सिंह का निधन हो गया था, जिसके बाद से परिवार की जिम्मेदारी सरस पर थी। जवान बेटे के आत्मघाती कदम से परिवार को बड़ा झटका लगा। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# महिला ने युवक पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

### विरोध पर पति व जेठ से मारपीट, सोशल मीडियो पर वीडियो जारी कर लगायी गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर निवासी महिला ने मोहल्ले के ही रहने वाले एक युवक पर मानसिक उत्पीड़न और ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने एक वीडियो वायरल कर आपबीती बताई है। जिसमें उसने खुद को असुरक्षित बताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला का कहना है कि बीते करीब 15 दिन पहले विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी फैसला हो चुका था। इसके बावजूद युवक लगातार उसे परेशान कर रहा है। ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहा है। वह कई दिनों से नई-नई आईडी बनाकर लगातार मैसेज भेजकर उसे परेशान कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि जब इस मामले की शिकायत करने उसके ससुराल पक्ष के लोग साहिल के घर पहुंचे तो वहां युवक ने उसके पति और जेठ के साथ बेरहमी से मारपीट की। युवती का कहना है कि लगातार हो रहे मानसिक दबाव और धमकियों के चलते वह बेहद डरी हुई है। उसे किसी भी समय नुकसान पहुंचाया जा सकता है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। वीडियो के बाद पुलिस ने मामले की जांच में शुरू कर दी है।

# भाजपा राज में पुलिस थाने व तहसील बने लूट के अड्डे

### अल्पसंख्यकों व पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी ने कहा कि भाजपा की सरकार में समाज का प्रत्येक तबका भारी परेशानी झेल रहा है।

शनिवार को समाजवादी पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के शासन से भारतीय समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है।अल्पसंख्यकों पिछड़ों एवं गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। चौनल व अखबारों में रामराज दिखाई दे रहा है। ग्रासरूट लेवल पर कहीं भी विकास दिखाई नही दे रहा है । रोजगार ,शिक्षा व रोजी-रोटी के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है । अब सरकारी अस्पताल , पुलिस थाने व तहसील लूट के अड्डे बन गए हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। बहन बेटियाँ भी सुरक्षित नहीं है । किसान छुट्टे पशुओं से परेशान हैं ,उन्हें अपनी फसल की लागत का बाजिब मूल्य भी नही मिल रहा है। केवल राजनीतिक स्वतन्त्रता से देश का भला नही हो सकता। देश के कल्याण के लिए वैज्ञानिक सोच ओर शिक्षा व किसानों की प्रगति आवश्यक है। इसलिए अब हमें अपने हक और अधिकार के लिए खड़े हो जाना चाहिए । मिशन 2027 की कामयाबी के लिए अभी से रणनीति बनानी चाहिये। जिन की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष हो गई है उनके बोट अवश्य बनवालें।समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे 302 किलोमीटर आठ लेन सड़क का निर्माण 23 माह में पूर्ण कराया गया।इस अवसर पर सन्तराम सिंह यादव , मुख्तार नकबी, सर्वेश सैनी,डॉ0 अनीस अहमद, विपिन कौशिक, महेश यादव,मुमताज खां,रविपाल चिकारा,राधेलाल रघुवंशी, रवि यादव, जिताम्बर सिंह यादव,शाजेब खां, मयंक प्रताप ,आदित्य चौधरी,मुंसब मेवाती,रजनीश यादव, शारुख खान ,अनुज यादव ,अशोक यादव, राधे लाल रघुवंशी, विपिन कौशिक, धर्मपाल सिंह, रिजवान हैदर, शाकिब खान ,गुड्डू सैनी, खलील अहमद देवानंद, सुरेश चंद, मोहम्मद अकरम, हिमांशु पाल ,रितिक गुप्ता, जितेंद्र सिंह यादव, विपिन गजरौला ,अरुण कुमार , धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।




अमरोहा। कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव।

## शिकायतों का समय से करें निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 17 शिकायतें दर्ज की गई। दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शासन की मंशानुरूप निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जनता की शिकायतों का समय से निस्तारण करें। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान उनके समक्ष राजस्व से 5, पूर्ति से 4, विकास से 3, पुलिस से 4 व अन्य से एक शिकायत दर्ज की गई।

# बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

### सड़क पार करते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क पार कर रही वृद्धा को तेज रफ्तार बाइक ने रौंद दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर में स्व. गणेश सिंह का परिवार रहता है। दो साल पूर्व उनकी मृत्यु हुई थी। परिवार में 60 वर्षीय पत्नी मनसा देवी के अलावा चार बेटे व एक बेटी है। तीन बेटों और एक बेटी की शादी हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब छह बजे मनसा देवी मखदूमपुर के पास राणा खांडसारी उद्योग के सामने सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में मनसा देवी गंभीर घायल हो गई थीं। सूचना मिलते ही इवेंट पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मनसा देवी की मृत्य हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया है। मामले में मृतका के बेटे लेखराज सिंह की तहरीर पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

**भट्टा चालू कराने के नाम पर तीन लोगों ने बनाया शिकार**

# 18 भट्टा स्वामियों से 38 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईट भट्टे चलाने की अनुमति दिलाने के नाम पर डेढ़ दर्जन ईट भट्टा स्वामियों से 38 लाख रूपये की ठगी कर ली गयी। अभी तक न तो भट्टे चालू हुए हैं तथा न ही भट्टा स्वामियों की रकम लौटायी गयी है। टोपी उड़ाने के इस मामले में स्नातक एमएलसी का चुनाव लड़ा एक नेता भी शामिल है।

जिले में कई दर्जन ईट भट्टा ऐसे हैं जो मानकों को पूरा नहीं कर पाते। जिस कारण इन भट्टों को विभाग ने बंद करा दिया है। करीब डेढ़ माह पहले इन भट्टा स्वामियों ने जोया की मेन मार्केट निवासी आसिफ सर्राफ से सम्पर्क किया। उरसने भरोसा दिलाया कि उसके कई नेताओं व बड़े लोगों से संबंध हैं। अगर भट्टा स्वामी कुछ

**ठगी करने वालों में स्नातक एमएलसी का चुनाव लड़ा नेता भी शामिल**

पैसे खर्च करें तो वह इन भट्टों की रॉयल्टी दिलाकर चलाने की अनुमति दिला देगा। जिस पर 18 भट्टा स्वामी पैसे देने के लिए राजी हो गये। इन सभी ने दो लाख रूपये प्रति भट्टा के हिसाब से 36 लाख रूपये आसिफ सर्राफ व 219 में स्नातक एमएलसी का चुनाव लड़े आसिफ उस्मानी व मुदस्सिर खां को पकड़ा दिये। इस दौरान इन तीनों ने भरोसा दिलाया था कि 2-4 दिन में ही उनका काम करा दिया जायेगा। परन्तु जब भट्टे नहीं चले तो फिर से दो लाख रूपये रिश्वत की मांग की गयी जिस पर भट्टा स्वामियों ने इन तीनों को दो लाख रूपये फिर से पकड़ा दिये। 38 लाख रूपये देने के बावजूद अभी तक भट्टे चालू नहीं हो सके हैं। जिस पर भट्टा स्वामी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वह लगातार इन तीनों से अपने 38 लाख रूपये लौटाने के लिए दबाव बना रहे हैं। परन्तु पैसे लेने वाले तीनों लोग बहानेबाजी करने में लगे हैं। एमएलसी का चुनाव लड़े आसिफ उस्मानी पर पहले भी कई लोगों को टोपी उड़ाने का आरोप है। इसके अलावा जोया के सर्राफ ने भी एक व्यक्ति से 80 हजार रूपये की टाटा सोमू लेने के बाद उसने मात्र तीस हजार रूपये पकड़ाये थे। भट्टा स्वामियों का आरोप है कि जब वह अपने काम के बारे में इन लोगों को फोन करते हैं तो यह फोन नहीं उठाते। ठगी का शिकार होने वालों में न्यू राजा ईट उद्योग, अली ईट उद्योग, गुफरान ईट उद्योग, अनमोल ईट उद्योग, सोशल ब्रिक वर्क, जुगनू ईट उद्योग, इंडियन ब्रिक कार्य, न्यू बीकेएम ईट उद्योग, गरीब नवाज ईट उद्योग, नाइस ट्रिक कार्य, बालाजी ईट उद्योग, चौधरी ईट उद्योग, शिव ब्रिक वर्क्स, मालिक ईट उद्योग, शिव ईट उद्योग, अशरफ ईट उद्योग, न्यू किंग ब्रिक फिल्ड व पारस ईट उद्योग के स्वामी शामिल हैं।

# बीआरसी केन्द्र पर शिक्षक पर हमला

### सहायक अध्यापक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीआरसी केंद्र पर चल रही सरकारी ट्रेनिंग के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एक प्रधानाध्यापक के साथ शराब के नशे में मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सहायक शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर कोतवाली की आवास विकास कॉलोनी प्रथम के रहने वाले संजीव कुमार पीएम श्री विद्यालय नन्हेड़ा अलियारपुर में प्रधानाध्यापक हैं। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक बीती तीन फरवरी को वह गांव याहियापुर स्थित बीआरसी केंद्र में हो रही ट्रेनिंग में आए थे। दोपहर में करीब एक बजे संजीव कुमार कमरे के बाहर खड़े हुए थे। उनका आरोप है कि उसी दौरान गांव बरखेड़ा सादात के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में तैनात सहायक शिक्षक सचिन कुमार बीआरसी केंद्र पर आए, वह शराब के नशे में थे, बेवजह उन्हें गालियां देने लगे। इतना ही जब विरोध किया तो मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी तक दी। साफ कहा कि मेरी जाति के शिक्षक को निलंबित कराया है, इसका अंजाम तो भुगतना पड़ेगा। झगड़ा बढ़ता हुआ देख ट्रेनिंग में मौजूद शिक्षकों ने बमुश्किल बचाया। पीड़ित शिक्षक संजीव कुमार ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में आरोपी शिक्षक सचिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सांसद तंवर ने किया पांच सड़कों का उद्घाटन

### 57 लाख रूपये की निधि से कराया निर्माण कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने अपनी सांसद निधि से निर्मित पांच सड़कों का उद्घाटन किया। शनिवार को सांसद कंवर सिंह तंवर ने 57 लाख रूपये की सांसद निधि से निर्मित 605 मीटर पांच सड़कों का उद्घाटन किया। इनमें नौगांवा सादात विधानसभा में मंगूपुरा में 14 लाख 322 रूपये, इसी विधानसभा में मझोली में 12 लाख 796 रूपये व ग्राम हुसैनपुर मझरा मानकजूड़ी में आठ लाख 554 रूपये, अमरोहा विधानसभा के गांव शेखुपुरा में छह लाख 714 रूपये , इसी विधानसभा के गांव रसूलपुर में 14 लाख 127 लाख रूपये की लागत से बनी सड़क का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद कंवर सिंह, ऋषिपाल नागर, युद्धवीर सिंह, पूरन सिंह सैनी, मनोज शर्मा, महेश, धर्मवीर सिंह, बिट्टू सिंह, मोनू यादव, अशोक कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।


# दस फरवरी से मीट की दुकाने रहेंगी बंद

### कांवर यात्रा को लेकर अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कांवड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक तरीके सम्पन्न कराने के लिए अमन कमेटी की बैठक का आयोजन कोतवाली परिसर में किया गया।शनिवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में प्रशासन ने बताया कांवड़ यात्रा की पवित्रता और जन भावनाओं का सम्मान किया जायेगा। शिव भक्तों को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसलिए कावड़ यात्रा पर किसी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने सभी समुदायो के जिम्मेदार व्यक्तियों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कावड़ यात्रा में निर्धारित रटो पर सफाई सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से 10 फरवरी से क्षेत्र में मीट की सभी दुकाने बंद रहेगी। इस अवसर पर सभासद मुन्ना चौहान, जावेद जरताब, शाहनवाज अंसारी, हमजा अली, मोनिश अंसारी, जुनैद खान, राजपाल सैनी, पप्पू वाल्मीकि, राकिब कुरैशी, निशु अग्रवाल, नाजिम अंसारी, मुस्तकीम बंजारा, दिनेश बाबू शामिल थे।

## आज के बच्चे ही कल के भारत का भविष्यः महबूब




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि तालीम के बिना तरक्की नामुमकिन है। शनिवार को अब्दुल समद पब्लिक स्कूल डिडौली के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि बच्चे सिर्फ देश का भविष्य नहीं, बल्कि कल के समाज के निर्माता हैं। हमें इनकी शिक्षा पर खास ध्यान देना चाहिए। तालीम के बिना तरक्की नामुमकिन है। आज दुनिया के वही लोग आगे बढ़ रहे है। जो अच्छी तालीम याफ्ता हैं। इसलिए हम अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलायें। तभी देश आगे बढ़ सकता है। इस मौके पर प्रबंधक वाजिद अली, हाजी मुनसाद अली, ब्लाक प्रमुख हाजी जुल्फेकार, हाजी भूरे, हाजी बाबू, महताब अली, नवाब मलिक, अशरफ अली आदि मौजूद रहे।

# जोया में सड़क पर गुंडागर्दी, तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** बाइक तेज चलाने को लेकर पहले युवकों में कहासुनी और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के बाद वहां अफरातफरी मच गई। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, डिडौली कोतवाली क्षेत्र के हटव्वा तिराहे में कुछ युवकों ने कस्बा जोया निवासी मोहम्मद आलम पुत्र जाकिर पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर

**तेज बाइक चलाने पर विवाद, युवक को बुरी तरह पीटा**

पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही पीड़ित मोहम्मद आलम ने बताया कि वह बीती गुरुवार की रात किसी काम से गांव असगरीपुर जा रहा था। जब वह हटव्वा तिराहे पर पहुंचा तो आरोप है कि वहां बुलेट बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया और बाइक तेज चलाने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। युवक ने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने दोस्तों को बुला लिया और पीड़ित के साथ लात घूंसों से मारपीट की। फिलहाल पीड़ित ने तीन युवकों को नामजद करते हुए डिडौली थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में गांव सैतली निवासी आरोपी जैद, कलाम व आले नबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हार्टअटैक से हुई थी इकबाल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इकबाल की मौत हार्ट अटैक से हुई थी पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा। शुक्रवार दोपहर बाद खेत में पड़ा मिला था इकबाल का शव। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

जानकारी के अनुसार उझारी के मोहल्ला बढ़ वाली मस्जिद निवासी इकबाल 38 पुत्र तौसीफ का शव शुक्रवार दोपहर बाद उझारी पंडका मार्ग एक निजी स्कूल के पास पड़ा मिला था। पतंग लूटने गए बच्चों ने शव को देखकर शोर मचाया था। बच्चों के शोर पर लोग जमा हो गए थे। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान इकबाल के रूप में की थी। परिजन शव को पुलिस को सूचना दिए बिना ही आनन-फानन में अपने घर ले आए थे।सूचना मिलते ही पुलिस मृतक इकबाल के घर पहुंची थी। साथ ही इकबाल के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को ही भेज दिया था। पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार की देर रात्रि इकबाल का शव घर पहुंचा था।शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। शनिवार को इकबाल के शव परिजनों ने मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उझारी के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया इकबाल की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक होना दर्शाया गया है। इसलिए कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इकबाल का शव उसके परिजनों की सुपुर्दगी में दें दिया गया है।

# कमरे में फांसी पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

## दो माह पहले हुई थी शादी, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** महज दो माह पहले विवाह के बंधन में बंधी 22 वर्षीय नवविवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतका मूल रूप से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी थी। उसकी शादी लगभग दो माह पूर्व आदमपुर थाना क्षेत्र के उक्त गांव में हुई थी। बताया गया है कि गुरुवार को ही वह अपने भाई की शादी में शामिल होकर मायके से ससुराल लौटी थी, लेकिन अगले ही दिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष मौके पर पहुंचा और जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि युवती के साथ मारपीट की गई और बाद में उसे फांसी पर लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या का लगे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि घटना की वजह पारिवारिक कलह थी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आरोपी युवक की यह दूसरी शादी थी। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी पहली पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो चुकी थी। इस तथ्य ने भी मामले को और संदेहास्पद बना दिया है। हंगामे के बाद गांव में पंचायत बैठी, जिसमें बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया गया। इसी निर्णय के तहत शुक्रवार रात में ही मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है और न ही पुलिस द्वारा किसी तरह की कानूनी कार्रवाई की गई है। हालांकि घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

# देश की आत्मा व आम जनता की आशा है आम बजट

## भाजपा कार्यालय पर केन्द्रीय बजट को लेकर संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि, आम बजट

**■ सांसद एवं व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक ने किया संबोधन**

देश की आत्मा, व्यापारी के सम्मान और आम जनता की आशा का बजट है। यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और व्यापारी के हित में बताया है। इस बजट में मिशन 2047 झलकता है।

शनिवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि, केंद्रीय बजट 2026 केवल आय/व्यय का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ देवतुल्य भारतीयों की उम्मीदों, सपनों और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत दस्तावेज है। विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संवेदना के भाव से प्रस्तुत किया है।




यह बजट आम आदमी के दिल को छूता है। कहा कि, पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने व्यापारी के प्रति सोच बदली है। आज व्यापारी डर के माहौल में नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास के वातावरण में काम कर रहा है। आज मुद्रा योजना, आसान ऋण, कम ब्याज दर, तकनीकी सहायता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने जैसे कदमों से छोटे उद्यमियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस मौके पर हसनपुर विधायक ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की पहचान बदल दी है। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि आम बजट 2026 को व्यापारी सम्मान के बजट के रूप में, युवा अवसर के बजट के रूप में, किसान आशा के बजट के रूप में और आम जनता भरोसे के बजट के रूप में याद करेगी। इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला कर्मी को साढ़े छह साल से नहीं मिला वेतन

## बीज भंडारे गजरौला में वेतन घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया है। गजरौला के मोहल्ला प्रेमनगर निवासी अमरवती पत्नी स्व. दीपचंद ने वेतन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। अमरवती सहकारी संघ/बीज भंडार गजरौला में पिछले करीब 28 वर्षों से सहायक के पद पर कार्यरत हैं।

पीड़िता का आरोप है कि उन्हें पिछले 6 साल 7 महीने से वेतन नहीं मिला है। वर्तमान सचिव मनोज कुमार पर फर्जी हस्ताक्षर कर वेतन निकालने और घोटाले का गंभीर आरोप लगाया गया है। प्रार्थिनी का कहना है कि सचिव और अधिकारी कार्यालय नहीं आते और न ही कोई कार्य किया जा रहा है, जिससे पूरा सिस्टम ठप पड़ा है। महिला कर्मचारी ने बताया कि पहले भी सहायक विकास अधिकारी गजरौला, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विभाग अमरोहा सहित कई अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने संज्ञान लेते हुए कोऑपरेटिव विभाग अमरो. हा को पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को 7 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट और जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। यदि आरोप सही पाए गए तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता को उसका पूरा वेतन दिलाया जाएगा। अब देखना होगा कि जांच के बाद महिला कर्मचारी को कब न्याय मिलता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# सास व देवर ने दहेज के लिए किया परेशान, जान से मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक महिला ने अपनी सास व देवर के विरूद्ध दहेज की मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न, दुर्व्यवहार व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पति के डयूटी जाने के दौरान सास व देवर ने उनके घर पर आकर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर के गांव

**■ एसपी के आदेश पर सास व देवर के विरूद्ध केस दर्ज**

अहरौला निवासी यतेन्द्र शर्मा की पुत्री रूपाली शर्मा की शादी वर्ष 2021 में जनपद अमरोहा के कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के गांव सब्दलपुर मकोड़ा निवासी हरिओम शर्मा के पुत्र पुनीत शर्मा के साथ हुआ। विवाह के बाद से ही रूपाली शर्मा अपने पति पुनीत शर्मा के साथ नगर की एमडीए कॉलोनी में रह रही थी। आरोप है कि शादी में मिलने वाले दहेज से अंसतुष्ट होकर सास नीलम शर्मा व देवर शुभम शर्मा ने रूपाली का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसके आभूषण भी बैंक में गिरवीं रखकर मोटा ऋण निकाल लिया। धीरे धीरे समय गुजरता रहा मगर सास और देवर ने अपना रवैया नहीं बदला। पिछले भैया दूज पर रूपाली अपने मायके चली गई मगर रिश्तेदारों आदि के कहने पर वह पुनः आई और अपने पति के साथ एमडीए कॉलोनी में रहने लगी। आरोप है कि 03 फरवरी 2026 को सास व देवर ने घर पर पहुंचकर रूपाली शर्मा के साथ अभद्रता की। दहेज में कार एवं अन्य मांग पूरी न करने पर उसकी हत्या करके बेटे पुनीत शर्मा की दूसरी शादी करने की बात कही। 05 फरवरी को देवर ने नशे में धुत होकर आवास के सामने खड़े होकर गाली गलौच की। आरोप है कि रूपाली ने स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी थी मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने एसपी से मदद की गुहार लगाई, एसपी ने थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए। शनिवार को पुलिस ने सास नीलम शर्मा व देवर शुभम शर्मा के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दरोगा पर चेहते प्रत्याशी का चुनाव लड़ाने का आरोप

## ग्रामीणों ने समाधान दिवस में की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाने में तैनात एक दरोगा पर अपने चेहते प्रधान पद के प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत समाधान दिवस में की गयी है।

रविवार को थाना क्षेत्र के गांव बीलना के ग्रामीण थाना दिवस पहुंचे जहां उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें आरोप लगाया है कि इस समय पंचायत चुनाव का प्रचार गांवों में चल रहा है। थाने में तैनात दरोगा आदेश पाचाल गांव बीलना में अपने चेहते प्रत्याशी का खुलकर चुनाव लड़ा रहे हैं। ये ही नहीं वह लोगों को धमकाकर अपने चेहते प्रत्याशी को वोट देने का दबाव बना रहे हैं तथा प्रत्याशी की कार में बैठकर प्रचार भी कर रहे हैं। जिससे गांव में कभी भी शांतिभंग हो सकती है। उन्होंने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ताकि प्रधानी का चुनाव शांति से निपट सके। शिकायतकर्ताओं में कमाल, अहसान, नाजिम, फुरकान आदि शामिल रहे।

# दोनों समितियों के एक होने के दावे की निकली हवा

## अम्बेडकर जयंती को लेकर खींचतान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए अलग-अलग स्तर से कार्य कर रही दोनों कमेटियों के एक साथ होने का दावा किया गया है। एक पक्ष विचार विमर्श कर आगे की रणनीति की बात कर रहा है।

नगर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने के लिए दो अलग-अलग समितियां द्वारा तैयारी की जा रही थी। जिसको लेकर उनके बीच खींचतान हो रही थी। शुक्रवार को नगर के ग्रीन सिटी स्थित कैफे पर दोनों समितियां के पदाधिकारियो की बैठक होने का दावा किया गया था। बैठक के बाद बताया गया की लकी ड्रा से निर्णय हुआ है। जिसमें एक पक्ष के पदाधिकारी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर का अध्यक्ष चुना गया है। बैठक के तुरंत बाद दावा किया गया कि दोनों समितियां एक हो चुकी है अब उनके बीच कोई खींचतान नहीं है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि एक पक्ष इसे मानने को तैयार नहीं है। एक पक्ष द्वारा प्रेस को भेजे गये गोलमोल प्रेस नोट में इस निर्णय पर सवाल उठाये गये हैं। स्पर्श कहना है कि अंबेडकर जयंती में अगर कोई फैसला जल्दबाजी में लिया गया है तो उसे पर सवाल उठाना या वैकल्पिक सुझाव देना अराजकता नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिकता है। इस पक्ष का कहना यह भी है कि विचार विमर्श करने के बाद किसी निर्णय पर पहुंचा जायेगा।

# त्याग और संघर्ष की प्रतिमूर्ति थी रमाबाई अम्बेडकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** शनिवार को नगर के चौपला स्थित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के द्वारा रमाबाई आंबेडकर की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।


इस अवसर पर पूर्व बैंक प्रबंधक निर्मल सिंह ने कहा कि माता रमाबाई के समर्थन ने बाबा साहब को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपनी वास्तविक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। जयवीर सिंह ने कहा कि माता रमाबाई त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतिमूर्ति थीं। बाबा साहब के जीवन संघर्ष में संबल बनकर उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ने के लिए शक्ति दी। उनका जीवन नारी सशक्तिकरण धैर्य और आत्म बल की मिसाल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष परमेश्वरी लाल, चेतराम सिंह, पीतम सिंह, संदीप कुमार, राजेश कुमार, मुक. `श कुमार, देवेश मोहन, रवि, हितेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## प्रधान ने की पुलिया निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर बगद में रास्ते के निर्माण के दौरान पुलिया न बनाए जाने को लेकर ग्राम प्रधान राजपाल सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान ने मांग की है कि रास्ते के साथ नाली की पुलिया का निर्माण भी कराया जाए, ताकि गांव में जलभराव की समस्या न हो।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश



## डीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स के औचक निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान लैब, प्रसूति सेवाओं और संस्थागत प्रसव की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार के आदेश दिए।

शनिवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा नौगांवा सीएचसी का निरीक्षण किया गया। इस उन्होंने औषधि वितरण कक्ष, लैब, टीबी यूनिट, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, एनबीएसयू व आईपीडी सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से उनकी सेहत और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। लैब कक्ष के निरीक्षण के समय उन्होंने मानक के अनुसार सभी जरूरी जांचों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीबी यूनिट में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिदिन होने वाली जांचों, इलाजरत मरीजों की संख्या और कोर्स पूरा करने वाले मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि टीबी मरीजों से नियमित संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि इलाज बीच में न छूटे। संस्थागत प्रसव की संख्या कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और स्टाफ नर्स वाइज डिलीवरी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जनवरी माह में कम डिलीवरी होने पर उन्होंने सुधार के

**■ नौगांवा थाना व नगर पंचायत कार्यालय का भी किया औचक निरीक्षण**

सख्त निर्देश दिए तथा खराब कार्य करने वाली आशाओं के खिलाफ कार्रवाई के आदेश भी दिए। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरिफ समी सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहे। उधर डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने थाना व नगर पंचायत नौगांवा सादात का औचक निरीक्षण किया। थाना निरीक्षण में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए महिलाओं की शिकायतों के सम्मानजनक व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। नगर पंचायत कार्यालय में जन्म पंजीकरण, संपत्ति कर संग्रह, ऑनलाइन टैक्स प्रक्रिया, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# अधिवक्ताओं ने किया टोल प्लाजा का घेराव

## टोल बूथ पर अधिवक्ताओं से अभद्र व्यवहार का आरोप, स्थानीय अधिवक्ताओं को टोल फ्री करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अधिवक्ताओं के साथ टोल प्लाजा पर हो रहे कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में शनिवार को लालू भैया एडवोकेट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता टोल प्लाजा पहुंचे और टोल प्रबंधक कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने स्थानीय क्षेत्र की श्रेणी में आने के बावजूद टोल वसूली और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की।

शनिवार को लालू भैया एडवोकेट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता टोल प्लाजा पर पहुंचे। यहां उन्होंने टोल प्लाजा प्रबंधक के ऑफिस का घेराव कर लिया। नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि टोल प्लाजा पर आए दिन अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। अधिवक्ता की टोल टैक्स से कचहरी परिसर की दुरी करीब पांच किलो मीटर है। जबकि मानक के अनुसार स्थानीय क्षेत्र की सीमा 20 किलो-मीटर तय की गई है। लेकिन अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। जब अधिवक्ता स्थानीय क्षेत्र का होना बताते हैं और बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा का आई-कार्ड दिखाकर स्थानीय क्षेत्र के होने का प्रमाण देते है तो उनके द्वारा कोई मान्यता नहीं दी जाती है। टोल कर्मी अधिवक्ता के साथ अभद्रता शुरू कर देते हैं। अधिवक्ता टोल देने को मजबूर किया जाता है। अगर अधिवक्ता हाईवे पर तीन किलो-मीटर की दुरी तय करते हैं तब भी दवाब बनाकर टोल लिया जाता है। स्थानीय क्षेत्र का होने के बावजूद भी पूरा टोल शुल्क दिया जाता है। जबकि बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं को अपने चैम्बर पर आने-जाने के लिए प्रति-दिन टोल प्लाजा से गुजरना पड़ता है। टोलकर्मियों के गलत बरताव के कारण अधिवक्ता में रोष व्याप्त है। इस दौरान आरिफ अली, दिनेश सिंह, योगेंद्र सिंह, सचिन आर्य, दानिश, आरिफ, गुलबारी चौधरी, कोसेन तुर्क, सज्जाद मंसूरी, जितेंद्र सिंह और हैदर अली आदि मौजूद रहे। टोल प्रबंधक दीपक तिवारी ने बताया कि वकीलों की समस्या से उच्चघधिकारियों से अवगत करा दिया गया है।



# नसीम रजा बने मिस्टर फेयरवेल एवं सुहानी शर्मा बनी मिस फेयरवेल



**पूरनपुर।** आसाम रोड नेशनल हाईवे स्थित गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल मोहनपुर जप्ती पूरनपुर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को कक्षा 11 के छात्रों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मलकीत कौर मांगट, प्रबंधिका राजपाल कौर, प्रबंधक बलराज सिंह बाजवा, एमडी भूपेंद्र सिंह बाजवा, एमडी एकेडमिक हरमन भंगू तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल तथा गीत, नृत्य, नाटक का आयोजन किया। इसी के साथ कक्षा 12 के छात्रों को स्कूल की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए शिक्षकों की वोटिंग में नसीम रजा को मिस्टर फेयरवेल एवं सुहानी शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के निर्माता हैं तथा आगे चलकर देश की सेवा करेंगे। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन यादवेंद्र सिंह तथा गुलफरहत जहां ने किया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सपा नेता ने वोट काटने को लेकर किया उपजिलाधिकारी का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के नाम पर प्रपत्र–7 के जरिए सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के वोट काटने की साजिश का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत को भेजी गई शिकायत में कहा कि पूरनपुर क्षेत्र के अनेक बूथों पर बड़ी संख्या में ऐसे प्रपत्र–7 भरे पाए गए जिनके बारे में स्वयं तथाकथित आपत्तिकर्ताओं को कोई जानकारी ही नहीं है। सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने कहा कि यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है और फर्जी हस्ताक्षरों व दबाव के माध्यम से मताधिकार छीनने की कोशिश बेहद चिंता. जनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर एक ही ढर्रे पर फार्म तैयार कराकर मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया गया, जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सभी संदिग्ध प्रपत्र तत्काल निरस्त किए जाएं, दोषी अधिकारियों–कर्मचारियों और साजिश में शामिल लोगों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए राज. कुमार 'राजू' ने चेतावनी देते हुए कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ की किसी भी कोशिश को समाजवादी कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे और लो. कतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अरशद खान,पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव,विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा,युवा नेता संजय खान,नाबीर अली मंसूरी,बसंत भारती सहित सैकड़ो की संख्या मे सपा कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा जाने आलम व उसकी पत्नी निदा गलत संगत में पड़ गये हैं। दोनों मेरा कहना नहीं मानते, आये दिन परिजनों से मारपीट करते रहते हैं। जिस कारण मैं इन दोनों से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मोबीन अहमद पुत्र कय्यूम अहमद
मौहल्ला नल नईबस्ती अमरोहा

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस में 73 शिकायतें हुई प्राप्त, 16 शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

आंकड़ों के अनुसार, तीनो तहसीलों में 73 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, नगर विकास, समाज कल्याण (पेंशन) तथा पुलिस प्रशासन से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्रामीणों ने भूमि विवाद, अवैध कब्ज़ा, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे, जिन पर अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि शेष लंबित प्रकरणों में विभागीय समन्वय, फील्ड स्तर पर सत्यापन और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए तथा निस्तारण की प्रगति से उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे समस्या का पूर्ण और स्थायी समाधान हो सके। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना एवं सहायता कैंप भी लगाए गए, जहां फरियादियों को पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व सेवाओं एवं अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र नागरिकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी अधिकारियों द्वारा मौके पर समझाई गई। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष लंबित मामलों में विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान की गुणवत्ता प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें तथ्यों और दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, जिससे निस्तारण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी हो सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बड़ौत भावना सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने तहसील बड़ौत तहसील परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था, तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखों, नामांतरण, खतौनी, दाखिल-खारिज एवं अन्य लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी अभिलेख सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं डिजिटल रिकॉर्ड से समन्वित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने तहसील परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं तथा प्रतीक्षालय की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिका. रियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बड़ौत निकेत वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईट भट्टे के समीप हुई फायरिंग, दहशत में लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में एक ईंट भट्टे के समीप लेवर की झुग्गियों के समीप फायरिंग करने से लोग दहशत में है। भट्टा मालिक ने अज्ञात बाईक सवारो के खिलाफ तहरीर दी है।

गौना गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के समीप महादेव ब्रिक फील्ड के नाम से ईट भट्टा है, जहां रात्रि ईट भटटे के समीप लेबर रूमों के समीप बाईक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी जिससे मजदूरों में दहशत का माहौल है। रात में ही मुंशी नौशाद ने 112 पर पुलिस को काल कर सूचना दी वही सुबह भट्टा मालिक देवेन्द्र ने थानें पहुंच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है। वही खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया भी ईट भट्टे पर पहुंच मजदूरों से जानकारी ली। इसके अलावा कार्यवाहक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामचन्द्र ने बताया कि तहरीर मील गयी है मामला फर्जी लग रहा है जांच की जा रही है।

## समोशरण महामंडल विधान आज से होगा प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित भावलिंगी संत, श्रमनाचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज के सानिध्य एवं अजितनाथ साधु सेवा समिति के तत्वावधान में ऋषभ सभागार,मान स्तंभ परिसर मे समोशरण महामंडल विधान 8 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है, जो कि 13 फरवरी को ऋषभदेव भगवान के ज्ञान कल्याणक दिवस पर जिनागम पंथ महोत्सव के साथ संपन्न होगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कार्यक्रम हेतु ऋषभ सभागार में 25 दिव्य समोशरण का निर्माण पूरा हो चुका है। नगर के सभी मुख्य मार्ग सजा दिए गए हैं। व्याख्यान वाचस्पति डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं ब्रह्मचारी आशीष भैया भोपाल के निर्देशन में 8 फरवरी को सुबह रथयात्रा ,चौबीस भगवान पालकी यात्रा एवं घटयात्रा के साथ छह दिवसीय विधान कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा तथा समा. ेशरण उद्घाटन निखिल जैन द्वारा किया जाएगा।



## बुखार के चलते 13 वर्षीय छात्रा की मौत, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक 13 वर्षीय छात्रा की बुखार के चलते मौत हो गयी। युवती पिछले एक माह से प्लेटनेट कम होने के कारण पीड़ित थी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। रटौल निवासी अब्दुल की 13 वर्षीय पुत्री फिजा संत मेरी इन्टर कालिज में कक्षा आठ की छात्रा थी, पिछले एक माह से बुखार से पीड़ित थी जिसका ईलाज गांव में चल रहा था। मृतक के चाचा शमशाद ने बताया कि युवती की खून जांच कराने में उसकी प्लेटेनेट कम होने की रिपोर्ट आयी थी जिसके बाद उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आये रात्रि अचानक तबियत खराब होने पर युवती को परिजन जानी मेरठ के चिकित्सक के यहा ले गये। जहां से आने के बाद युवती ने दम तौड़ दिया जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। खेकड़ा सीएचसी प्रभारी डाक्टर ताहिर ने बताया की मौत की जानकारी नही मिली है। टीम भेजकर जांच करायी जायेगी।



मृतका का फाइल फोटो

## एक नजर

### अवैध रूप से नाम कटवाने के विरोध में समाजवादी प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर मथुरा-वृंदावन विधानसभा (84) सहित जनपद की अन्य विधानसभाओं में मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम कटवाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत 'फॉर्म-7' का दुरुपयोग कर विशेष समुदाय और एक निश्चित विचारधारा के समर्थकों के नाम सूची से हटवाने की कोशिश की जा रही है। प्रमुख नेताओं में तीखे प्रहार करते हुए मुन्ना मलिक (पार्षद व पूर्व जिलाध्यक्ष, युवजन सभा): ने कहा मथुरा विधानसभा के बूथ संख्या 321 पर एक ही व्यक्ति द्वारा थोक में 130 'फॉर्म-7' भरकर नाम कटवाने की आपत्ति दर्ज कराई गई । यह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है। हमने मांग की है कि ऐसे संदिग्ध आवे. दनों को तत्काल निरस्त किया जाए। घ्तनवीर अहमद (पूर्व जिलाध्यक्ष): ने कहा ''मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन यहाँ 'वोट डकैती' की साजिश रची जा रही है। बिना भौतिक सत्यापन के किसी भी मतदाता का नाम काटना असंवैधानिक है। जागेश्वर यादव (प्रभारी प्रदेश सचिव):ने कहा ''प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि बीएलओ निष्पक्ष रूप से कार्य करें। यदि किसी दबाव में नाम काटे गए, तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। राजन रिजवी (पूर्व महानगर अध्यक्ष):ने कहा ''लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है। अगर प्रशासन ने फर्जी तरीके से भरे गए फॉर्म-7 पर लगाम नहीं लगाई, तो यह चुनावी निष्पक्षता पर बड़ा सवाल होगा। हम किसी भी पात्र मतदाता का हक छिनने नहीं देंगे।''विभोर गौतम (पूर्व राष्ट्रीय सचिव, यूथ ब्रिगेड):ने कहा कि यह केवल एक बूथ का मामला नहीं है, बल्कि पूरे जनपद में संगठित तरीके से शिकायतें आ रही हैं हम इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे। राघवेंद्र ठाकुर (पूर्वजिलाध्यक्ष):ने कहा असामाजिक तत्व फर्जी शपथ पत्र देकर आवेदन कर रहे हैं।

## क्षेत्र में बंदरों का आतंक, विद्यालय के बच्चे और शिक्षक भयभीत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना क्षेत्र के ख्वाजा नगला गांव में बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। इससे प्राथमिक विद्यालय-1 के बच्चे और शिक्षक भयभीत हैं। बंदरों के हमले के कारण स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फिरदौस और अन्य शिक्षकों ने बताया कि बंदरों के डर से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चों में भय का माहौल है।

शिक्षकों ने किसी बड़े हादसे की आशंका भी जताई है। कई बार बंदरों की अधिक संख्या के कारण शिक्षक और छात्र घंटों तक स्कूल के बाहर खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। इसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचते हैं और उनकी मदद से बच्चों व शिक्षकों को स्कूल के अंदर प्रवेश दिलाया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बंदर गांव के कई लोगों पर हमला कर चुके हैं, जिनका इलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया है। ग्रामीण भूपेंद्र, सुंदर, सविता और जावेद सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। गांव के लोग, शिक्षक और छात्र-छात्राएं बंदरों के आतंक से परेशान हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द इन्हें पकड़वाने की अपील कर रहे हैं।

## कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बागपत पहुंचकर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य बागपत पहुंचीं। उन्होंने भाजपा नेता हरीश चौधरी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान हरीश चौधरी और उनके समर्थकों ने मंत्री का स्वागत किया। किसान यूनियन के सदस्य भी वहां मौजूद थे। मंत्री मौर्य ने बाली गांव में एक लॉ कज़्लेज के निर्माण की आधारशिला भी रखी।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने गाजियाबाद में तीन बच्चियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर ध्यान देने की अपील की और कोरियन ऐप सहित ऐसे सभी ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जो बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हरीश चौधरी ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को नई दिशा मिलती है। महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान द्वारा कक्षा 5 तक के बच्चों को ऑनलाइन होमवर्क न भेजने के आदेश पर पूछे गए सवाल के जवाब में बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहनी चाहिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा और उनके व्यवहार के प्रति सजग रहें।

## 10 दिन बाद भी नहीं हुई किसी आरोपी की गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** चांदीनगर थाना क्षेत्र के फुलेरा गांव में एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। यह घटना 24 जनवरी 2026 की है, जिसमें एक युवक का जबड़ा दो जगह से टूट गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी आकाश पुत्र पवन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही दो युवक-पृथ्वी पुत्र ईश्वर और अजीत पुत्र नीरज ने उस पर लोहे की रॉड से अचानक हमला कर दिया। हमले में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने आकाश को जान से मारने की नीयत से वार किए। परिजनों ने 24 जनवरी को ही चांदीनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर 26 जनवरी को दर्ज की। घटना के 10 दिन बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस की कथित निष्क्रियता से नाराज पीड़ित के पिता ने 7 फरवरी को तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों के सामने अपनी फरियाद रखी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा फिलहाल लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कज़्लेज मेरठ में भर्ती है, जहां उसका इलाज जारी है और परिवार भय तथा असुरक्षा के साए में जीने को मजबूर है। समाधान दिवस में मौजूद पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, चांदीनगर थाना प्रभारी अंतरसिंह यादव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



## तेंदुआ देखने से किसानों में फैली दहशत


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के दादरी गांव के वन क्षेत्र में तेंदुआ देखने से किसानों में फैली दहशत जंगलों में जाने से घबराए ग्रामीण शनिवार किसान के नलकूप के पास तेंदुआ दिखाई दिया जिस खेत में काम कर रहे किसान ने तेंदुए की वीडियो टयूबवेल के छत पर बैठकर बना ली। घबराए किसान ने तेंदुए की वीडियो टयूबवेल पर बने तो किसान के हाथ पैर भी फूल रहे थे। किसान ने इस वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित कर दिया।

दादरी गांव निवासी किसान जसवीर व यशवीर अपने खेत में काम कर रहे थे तभी उन्हें दूर से तेंद. ुआ आता हुआ दिखाई दिया तो दोनों किसान अपनी टुवेल की छत पर चढ़ गए और वहां से उन्होंने वीडियो बना दिया। इसकी सूचना उन्होंने गांव में आकर दी तो गांव के लोग लाठी बल्लम लेकर खेतों की तरफ़ पहुंचे जब तक वाह से तेंदुआ गायब हो चुका था। घबराए किसान अपने खेतों में एक जुट होकर जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि तेंदुए के साथ उसका सावक भी मौजूद था। अगर देखा जाए तो इससे पूर्व में भी चौगामा वन क्षेत्र में तेंदुए और सावक पहले भी मिल चुके हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर सुनेद्र सिंह को भी दी है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानों से वार्ता हुई थी। सुबह वन कर्मियों को दादरी के जंगल में भेजा जायेगा तेंदुआ कहीं भी दिखाई दिया तो उसे पकड़ा जाएगा। टीम लगाने का कार्य किया जा रहा है।



## केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को दी संस्कारों की सीख



**मथुरा।** केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने रूपम टॉकीज, मथुरा में के.एम. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्रों के साथ 'गोदान' फिल्म देखी। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना रहा। फिल्म से छात्र-छात्राओं को सनातन धर्म में गौ माता के महत्व, सेवा, संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को सामा. जिक उत्तरदायित्व, करुणा, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। फिल्म अवलोकन के बाद कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

## राधिका मिस फेयरवेल व तनिष्क बने मिस्टर फेयरवेल, विदाई समारोह में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी, जिसमें राधिका मिस फेयरवेल व तनिष्क को मिस्टर फेयरवेल चुने गए।

समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनुज बालियान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राजस्थानी व हरियाणवी लोकनृत्य, हास्य नाटिका आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर किया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर कैटवाक किया, जिसमें निर्णायकों द्वारा राधिका को मिस फेयरवेल व तनिष्क को मिस्टर ेयरवेल चुना। अनुष्का व ऋषभ के संचालन में हुए समारोह में भीष्म नारायण, अमित कुमार, सोनिया सोलंकी, अंशु डांगी, अभिषेक दहिया, रवि तोमर, रूपाक्षी, प्राची व पूनम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## विद्यार्थियों को मुल्यांकन, आचरण, अनुकरण, लेखन, व्यवहारिक ज्ञान पर देना होगा जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं चरित्र का निर्माण करना, असत्य से सत्य की ओर ले जाना, बंधन से मुक्ति की ओर जाना भौतिक शिक्षा से भौतिकता की प्राप्ति होती है और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनता है। वर्तमान के समय प्रमाण भौतिक शिक्षा के साथ साथ बच्चो को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे उच्च प्राथमिक विद्यालय, सादतपुर जौनमाना में छात्र , छात्राए और शिक्षको को जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर बोल रहे थे।

भगवान भाई ने कहा कि विद्यार्थियों को मुल्यांकन, आचरण, अनुकरण, लेखन, व्यवहारिक ज्ञान इत्यादि पर जोर देना होगा। वर्तमान के समाज में मूल्यों की कमी हर समस्या का मूल कारण हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे व्यवहारिक जीवन में परोपक. ार, सेवाभाव, त्याग, उदारता, पवित्रा, सहनशीलता, नम्रता, धैर्यता, सत्यता, ईमानदारी, आदि सद्गुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी हैं। शिक्षा एक बीज है जीवन एक वृक्ष है जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष में गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। समाज अमूर्त होता हैं और प्रेम, सद्भावना, भातृत्व, नैतिकता एवं मानवीय सद्गुणों से सचालित होता हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वागिंण विकास होगा। नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते है जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा की नैतिकता के अंग हैं- सच बोलना , चोरी न करना , अहिंसा, दूसरों के प्रति उदारता, शिष्टता, विनम्रता, सुशीलता आदि। नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण ही आज जगत में अनुशासनहीनता, अपराध ,नशा-व्यसन, क्रोध,झगड़े आपसी मन मुटाव बढ़ता जा रहा है। प्रिंस. ीपल नवनीत चौधरी जे ने कहा कि नैतिक शिक्षा ही मानव को 'मानव' बनाती है क्योंकि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रा के बल पर ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र की प्रभारी बी के मोहिनी बहन ने भी अपना उद्बोधन दिया और कहा की जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नही है।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील बीसलपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 70 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिक. ारी शिकायतों का निस्तारण करते हुए, निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने 2 मृतक खातेदारो की वरासत की खतौनी को उनके वारिसों को प्रदान की। इसके साथ ही घरौनी वितरित की गई। इसके उपरान्त जिला. धिकारी ने विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा के साथ ग्राम फिरसा चुरहा में चैपाल का आयोजन किया। ग्राम चैपाल में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।

# डीएम के सामने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उठा प्रधानमंत्री आवास योजना का मामला

**■ रुपये वसूले जाने की शिकायत पर डीएम हुए सख्त**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूर हुए 485 आवासों के मामलों में रूपये वसूले जाने का मामला शनिवार को डीएम के सामने उठा। शिकायत पर जहां डीएम भड़क गए, वहीं उन्होंने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को इस मामले की जांच कर वसूली करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आज शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। अपराह्न 1.10 पर पहुंचे डीएम अविनाश सिंह ने आयोजन में आए फरियादियों की शिकायतें सुननी शुरू कीं। इस दौरान कस्बे के विजय दिवाकर ने नगर में मंजूर हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 485 आवासों में भारी घोटाला किए जाने का आरोप लगाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि अपात्र लोगों के आवास मोटी सुविधा शुल्क लेकर मंजूर किए गए हैं, जबकि पात्र लोगों को छोड़ दिया गया है। इतना ही नहीं इन लोगों से 10 हजार से लेकर 20 हजार तक की वसूली की जा रही है। आवासों के नाम पर नगर पालि. का और डूडा कर्मी द्वारा वसूली किए जाने की शिकायत पर डीएम भड़क गए, उन्होंने तत्काल ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आर आर अंब्रेश को तलब कर इसकी जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्वीकृत किए गए प्रधानमंत्री आवास योजना के अभ्यर्थियों कि सूची तत्काल ही सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी तक सूची के सार्वजनिक न किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। शिकायत करने वालों ने रुपए वसूले जाने के वीडियो भी होने की बात डीएम से कही, जिसपर उन्होंने आरोपी को उल्टा टांग देने की चेतावनी दी। डीएम के सामने आवासों का मामला उठने पर खलवली मच गई है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन ने धारा 34 की पत्रावलियों, विरासत की अविवाहित पत्रावलियों के लंबित पड़े होने की शिकायत की। जिसपर डीएम ने एसडीएम उदित पवार को कार्यवाही के आदेश दिए। इसके साथ ही ग्राम धौरेरा स्थित सरकारी भूमि जो थाने के नाम से सुरक्षित की गई भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग पुष्पेंद्र गंगवार द्वारा की गई, जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम और सीओ की टीम बनाकर तत्काल जमीन को कब्जा हटवाए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही ग्राम धनौर जागीर के गंगादयाल, रामकुमार, नेमचंद्र आदि ने पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई, जिसपर उन्होंने एसडीएम को कार्यवाही के आदेश दिए। ग्राम ईंधजागीर के प्रधान प्रेमशंकर गंग. वार ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। जिसपर उन्होंने एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम अविनाश सिंह ने आयोजन में गैर हाजिर रहने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटे जाने का भी फरमान सुनाया। इसमें एक दर्जन जिला स्तरीय अधिकारी अनुपस्थित रहे।

आयोजन में 271 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें 7 के निराकरण का दावा किया गया है। इसमें एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र, एसडीएम न्यायिक निधि शुक्ला, नायब तहसीलदार शिवा वर्मा, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, क्योलड़िया कोतवाल वेद सिंह, हाफिजगंज कोतवाल प्रवीण सोलंकी, पूर्ति निरीक्षक सलिल भटनागर सहित अधिकांश अधिकारियों ने भाग लिया।

## विवाहिता ने पति पर लगाए अश्लील टिप्पणी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि उसका पति उस पर बेवजह शक करता है और सोशल मीडिया पर अश्लील व धमकी भरे कमेंट कर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति उसे चरित्रहीन बताकर मानसिक प्रताड़ना देता है। सोशल मीडिया पर किए गए आपत्तिजनक और धमकी भरे कमेंट करता है। पीड़िता के मुताबिक उसका पति मायके पहुंचकर उसके माता-पिता के साथ गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने अपने मोबाइल फोन तोड़ दिए जाने का भी आरोप लगाया है।

इसके साथ ही महिला ने पति पर अपने कुछ दोस्तों को घर लाकर जबरन गलत संबंध बनाने का दबाव डालने का भी आरोप लगाया है। उसके इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने इसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह बने निरीक्षक, थाना प्रभारी ने लगाए स्टार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पिछले सात माह से शीशगढ़ थाने में तैनात थाना अजमलगढ़ जिला बिजनौर निवासी उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह 2013 बैच के उपनिरीक्षक हैं। पुलिस विभाग द्वारा राजकुमार सिंह को फरवरी 2025 को उपनिरीक्षक पद से निरीक्षक के पर पदोउन्नति का आदेश हुआ था। जिसके बाद शुक्रवार की देर रात्रि तीसरा स्टार लगाने का आदेश जारी हुआ। जिसके बाद शनिवार को उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने निरीक्षक बने राजकुमार सिंह के कंधे पर तीसरा स्टार लगाकर सम्मानित किया।

इसी के साथ उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर समस्त पुलिस

## जानलेवा कट पर हादसों के बाद हरकत में आया एनएचएआई

**■ टीम ने किया कट का निरीक्षण जागी उम्मीद जल्द बंद होगा राधा कृष्ण मंदिर कट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर राधा कृष्ण मंदिर कट पर हुए जानलेवा सड़क हादसों के बाद अब एनएचएआई हरकत में आ गया है।

इस प्रकरण में छात्र असद अंसारी की शिकायत पीएमओ कार्यालय तक पहुंचने और गुरुवार को हुए जानलेवा हादसे व शुक्रवार रात टेम्पो पलटने के बाद अब शनिवार को एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर कट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई की टीम और चौकी प्रभारी अनूप सिंह मौजूद रहे।



टीम ने राधा कृष्ण मंदिर के पास बने खतरनाक हाईवे कट की स्थिति का जायजा लिया और इसे पूर्ण रूप से बंद करने की तैयारी शुरू कर दी है। जांच के दौरान यह माना गया कि यह कट लगातार जानलेवा हादसों का कारण बन रहा है और इसे खुला रखना आमजन की जान के लिए खतरा है। पीएमओ कार्यालय में छात्र असद अंसारी की शिकायत के बाद इस पूरे मामले पर गंभीरता से संज्ञान लिया गया, जिसके चलते एनएचएआई को मौके पर जांच के निर्देश दिए गए। इससे पहले केवल एएनए कॉलेज कट को बंद किया गया था, जबकि राधा कृष्ण मंदिर कट को नजरअंदाज किया गया, जो अब जानलेवा हादसों का कारण बना।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी इस कट को बंद कराने के लिए लिखा था, लेकिन उस समय कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब हादसे के बाद एनएचएआई द्वारा निरीक्षण किया गया है और जल्द ही इस कट को पूरी तरह बंद कर सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्थानीय लोगों ने निरीक्षण के बाद राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि यदि यह कट समय रहते बंद कर दिया गया, तो भविष्य में होने वाले हादसों पर रोक लग सकेगी।

## गन्ना गिरने से घायल हो रहे राहगीर

**■ परिवहन विभाग की कार्रवाई पर सवाल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले ओवरलोड ट्रक रोजाना केसर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। इन ट्रकों में क्षमता से कहीं अधिक गन्ना लदा होता है, जो चलते समय सड़क पर गिरता रहता है और आमजन के लिए खतरा बन चुका है।

केसर रेलवे क्रॉसिंग नगर का सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला इलाका माना जाता है। रेलवे फाटक बंद होने पर यहां कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। इसी दौरान गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक रेलवे प्रशासन द्वारा लगाई गई रेलिंग से टकराते हुए निकलते हैं, जिससे ट्रकों पर लदा गन्ना नीचे गिरकर सड़क पर फैल जाता है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई बार बाइक सवार, कार सवार और पैदल चलने वाले लोग ट्रकों से गिरने वाले गन्ने की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें अपना इलाज भी खुद ही कराना पड़ता है, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

नगरवासियों ने कई बार ज्ञापन देकर परिवहन विभाग से ओवरलोड गन्ना ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं, कुछ किसान संगठनों ने परिवहन विभाग पर साठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिकारियों की मिलीभगत से ही ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक बेधड़क गुजर रहे हैं।

## गोली मारकर लूट की सूचना निकली फर्जी

**■ बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नथपुरा निवासी नंद किशोर शर्मा शुक्रवार रात पैदल मीरगंज से अपने गांव जा रहे थे। कस्बा और नथपुरा के बीच वह संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गए। किसी व्यक्ति द्वारा परिजनों को सूचना दिए जाने पर उनका भाई मौके पर पहुंचा और घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज ले गया।

सीएचसी में घायल ने अज्ञात लोगों द्वारा पैर में गोली मारकर रुपये व मोबाइल लूटने की बात कही, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंची और रात में घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से बाइक का टूटा इंडिकेटर मिला, जबकि जांच में गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई। चिकित्सकों ने घायल के पैर में फ्रैक्चर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसओ संजय तोमर ने बताया कि युवक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था, जिसकी जानकारी उसके भाई ने भी पुलिस को दी। वहीं घायल ने बरेली जाते समय कुछ मीडिया कर्मियों को गोली मारने की सूचना दी थी। सीओ अजय कुमार ने बताया कि रात्रि में ही वह जिला अस्पताल पहुंचे और घायल युवक को जाकर देखा। पुलिस जांच में गोली मारने की सूचना फर्जी पाई गई है। युवक बाइक की टक्कर से घायल हुआ था।

## मिर्जापुर-आनंदपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ



**■ हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ 26-27 करोड़ की परियोजना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली मिर्जापुर से वाया नरखेड़ा, बलेही, बंसीपुर, बकैनिया वीरपुर होते हुए आनंदपुर तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ शनिवार को विधिवत हवन पूजन के साथ किया गया। मिर्जापुर चौराहे के पास आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

सड़क चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार एवं विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान छोटेलाल गंगवार, चरन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी हवन पूजन में भाग लिया। धार्मिक विधि-विधान से पूजन के बाद सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ किया गया।

लोक निर्माण विभाग के जेई ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 13 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण पर लगभग 26 से 27 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सड़क के चौड़ीकरण से मिर्जापुर चौराहे से नरेली, नरखेड़ा, बलेही, बकैनिया होते हुए आनंदपुर तक आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ीकरण के बाद न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवम शर्मा, केशव यादव, दुर्गपाल गंगवार, राकेश वर्मा, प्यारेलाल वर्मा, छेदालाल, सभासद नरेश पंडित, कृष्ण गोपाल शर्मा, प्रदीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## तमंचे के बल पर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के दौरान लूट की घटनाओं में शामिल तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो अन्य अभियुक्तों को घेराबंदी कर मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

पुलिस के अनुसार, 18 जनवरी 2026 को नायरा पेट्रोल पंप, ग्राम सेमीखेड़ा के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक महिला से पर्स लूट लिया था। पर्स में मोबाइल फोन, छह हजार रुपये नकद और पहने हुए जेवरात थे। पीड़ित की तहरीर पर थाना देवर. नियां में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की गई थी।

शनिवार को थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल अभियुक्त ग्राम इटौआ की ओर किसी नई वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश कपिल मौर्य पुत्र प्रेमराज मुठभेड़ में घायल हो गया, जबकि दो अन्य बदमाश अनिल मौर्य पुत्र सालिग राम और सनी पुत्र सुरेन्द्र को ग्राम इटौआ के जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों बदमाश कोतवाली देवरनियां के गांव गुनाह हट्टू के निवासी हैं। मुठभेड़ में घायल बदमाश कपिल मौर्य को उपचार के लिए सीएचसी बहेड़ी भेजा गया है। मुठभेड़ के दौरान आरक्षी पवन बंसल भी घायल हुए हैं। मौके पर फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



### हथियार, नकदी और जेवरात बरामद

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारत. ूस, तीन खोखा कारतूस, एक नाजायज चाकू, 5600 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा लूट से संबंधित शत-प्रतिशत जेवरात बरामद किए हैं। बरामद जेवरात में एक लर, एक कंठी, एक जोड़ी झुमके, दो अंगूठी, एक मंगलसूत्र और एक जोड़ी पाजेब शामिल हैं। इसके अलावा अभियुक्तों से थाना भोजीपुरा क्षेत्र में एक फरवरी को कस्बा जादौपुर के पास दंपती से लूटा गया मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है।

### थाना प्रभारी की कार्यशैली बनी मिसाल

क्षेत्र में अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रहे थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की इस कार्रवाई की व्यापक सराहना हो रही है। उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता, सटीक सूचना तंत्र, त्वरित निर्णय और टीम के साथ बेहतरीन तालमेल के चलते बड़ी वारदात होने से पहले ही बदमाशों को दबोच लिया गया। उनकी अगुवाई में देवरनियां थाना क्षेत्र में अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ नजर आ रहा है।

## एक नजर

### किशोर के साथ कुकर्म के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एक किशोर के साथ कुकर्म करने वाले कस्बे के तीन आरो. पियों में से पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

बताते चलें कि कस्बे के ही एक मोहल्ला निवासी किशोर मोहल्ला के ही तीन किशोरों के साथ खेलता रहता था। गुरुवार शाम को पीड़ित किशोर को उसके तीन किशोर साथी किसी बहाने बाइक से जंगल में ले गए, और उसके साथ बारी-बारी से कुकर्म किया। पीड़ित के गुप्तांग में पीड़ा होने पर उसने स्वजनों को आपबीती सुनाई। मामला खुलने पर शुक्रवार को पंचायत का दौर चलता रहा। पंचायत में मामला नहीं सुलझने पर शुक्रवार शाम को पीड़ित किशोर के पिता की तहरीर पर तीन किशोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने 2 नामजद आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस ने दबिश दी है, उसे भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुरुवार रात शाही कस्बे के मोहल्ला आजमनगर निवासी शविस्ता के बंद घर का ताला तोड़कर चोर 25 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। महिला का पति दिल्ली में नौकरी करता है। गुरुवार की रात में महिला कस्बे में ही मोहल्ला हसनपुर अपने मायके गई थी। शुक्रवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने ताला टूटा देखा तो परिजनों को सूचना दी। सूचना पर महिला घर पहुंच गई। शविस्ता ने बताया चोरों ने सोने के कुंडल, चेन, हार, अंगूठी, झुमकी, टीका, चांदी की पायलें, बिछुआ आदि सामान चोरी कर लिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।मकान के मेन गेट का ताला तोड़ने की घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।। चोर रात तीन बजे ताले तोड़ते फुटेज में दिख रहे हैं। शविस्ता के घर के दरवाजे पर पहले एक चोर रॉड लेकर जाता है। उसके कुछ मिनट बाद एक व्यक्ति बुरखा पहनकर घर में घुसता है और करीब 15 मिनट में नकदी व जेवर चोरी कर फरार हो जाते हैं।

### रम्पुरा किसानान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा जनसंपर्क के तत्वावधान में ग्राम रम्पुरा किसानान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भक्ति सिंह लोधी ने भक्तों से भगवान श्रीकृष्ण के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं और गोपियों का निष्काम प्रेम मानव जीवन को सदमार्ग की ओर ले जाता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

समाजसेवी हरद्वारी लाल वर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं सदैव स्मरणीय हैं। कथा वाचक विमला शास्त्री ने अपनी मधुर रसधाराओं से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर सहित आसपास के गांवों में जाकर लोगों से एसआईआर में सहभागिता की अपील की गई। कार्यक्रम में मनोहर देवी सक्सेना, राम. निवास वर्मा , डॉ. रामसरन वर्मा, नत्थू लाल वर्मा, रामावतार वर्मा, प्रेमपाल वर्मा, नेतराम वर्मा, रामस्वरूप वर्मा, सोमपाल वर्मा व आफताब अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना शीशगढ़ के ग्राम सुल्तानपुर के एक सरकारी स्कूल से बीती रात अज्ञात चोर लाखों रुपए का समान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम सुल्तानपुर के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कविंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात अज्ञात चोर ने स्कूल में ऑफिस की खिड़की पर लगी सरिया को काटकर स्कूल से एक इन्वर्टर, छै बैट्री, एक एलसीडी व एक गैस सिलेंडर चुरा ले गए। चोरी की जानकारी स्कूल खोलने पर हुई। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोरा लोकनाथपुर में देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील के ग्राम गोरा लोकनाथपुर में इन दिनों धार्मिक



आस्था और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिल रही है। गांव के शिव मंदिर परिसर में भगवान शिव परिवार, शनिदेव एवं राधा-कृष्ण की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। इस पावन आयोजन से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है।

आयोजन समिति ने बताया कि सोमवार को हवन-पूजन व पूर्णाहुति के बाद मूर्तियों की विधिवत स्थापना की जाएगी, जिसके पश्चात कन्या पूजन और प्रसाद वितरण होगा।

कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है तथा आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व शनिवार को 51 महिलाओं द्वारा रामगंगा नदी से पवित्र जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। डीजे पर भक्ति गीतों और जयघोष के बीच निकली यात्रा का गांव में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। आचार्यों द्वारा शुद्ध वैदिक परंपराओं के अनुसार अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### समय सीमा बढ़ने से मतदाताओं को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के लिए चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा एक माह बढ़ा दिए जाने से मतदाताओं को राहत मिली है। दावे-आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही थी। इससे निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी। विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को दुरुस्त कराने के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराकर मतदाता सूची तैयार की गयी। इसमें मतदाताओं को दावे-आपत्तियां देने के लिए 6 फरवरी की समय सीमा निर्धारित थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को दावे-आपत्तियां देने की तारीख बढ़ाकर मतदाताओं को बढ़ी राहत दी है। अब मतदाता 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां दे सकेंगे। अब 10 अप्रैल को मतदाता सूचियों का फाइनल प्रकाशन कराने की तारीख निर्धारित की गयी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं पर सख्त रूख

## डीएम व एसपी ने स्वयं पफरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडे एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां अधिकारियों ने एक-एक कर प्रकरणों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं वास्तविक निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और त्वरित तरीके से हो। किसी भी शिकायत को औपचारिकता मानकर लंबित न रखा जाए और मौके पर जाकर सत्यापन कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट एवं आपसी रंजिश से जुड़े मामलों का निष्पक्ष जांच के बाद शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि छोटी-छोटी समस्याएं बड़े विवाद का रूप न लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को निर्धारित समयसीमा के भीतर हल करने के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। समाधान दिवस में प्रशासन की सक्रियता और अधिकारियों की मौजूदगी से फरियादियों में संतोष नजर आया और लोगों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय सलमान, निवासी इस्लामनगर देहपा पुलिया, पिलखुवा, अपने दो साथियों के साथ बाइक से पिलखुवा से दिल्ली की ओर जा रहा था। जब उनकी बाइक छिजारसी टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में सलमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी साजिद और सुहैल 17, दोनों निवासी गढ़ी मोहल्ला, गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि फरार चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# घर के बाहर मिला युवक का शव, शराब के अधिक सेवन से मौत की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उपेड़ा में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव उसके ही घर के बाहर पड़ा मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय सोनू कश्यप पुत्र सलेक चंद के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार सोनू शुक्रवार रात पड़ोस में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रातभर घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई, लेकिन सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका शव घर के बाहर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।



सूचना पर बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया कि सोनू शराब पीने का आदी था और कई बार अत्यधिक शराब का सेवन करता था। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि अधिक शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ने से वह घर के बाहर आया और वहीं गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने साक्ष्य एकत्र कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# फर्जी पेटीएम से ठगी करने वाला शातिर युवक गोल मार्किट में रंगेहाथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गोल मार्किट में मोबाइल दुकानदार को पेटीएम के जरिए चूना लगाने आए 20 वर्षीय युवक को व्यापारियों ने सतर्कता दिखाते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी युवक बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है, जिसने फर्जी पेमेंट ऐप के सहारे दुकानदारों को ठगने की साजिश रची थी।

जानकारी के अनुसार युवक गोल मार्किट स्थित एक मोबाइल शॉप पर पहुंचा और मोबाइल पसंद करने के बाद उसकी कीमत 16 हजार रुपये बताई गई। आरोपी ने काफी देर तक मोलभाव किया और फिर पेटीएम खाता दिखाते हुए कहा कि उसके खाते में केवल 14 हजार 500 रुपये हैं, इतने में ही मोबाइल दे दिया जाए। दुकानदार उसकी बातों में आ गया और मोबाइल सौंप दिया। इसके बाद आरोपी ने अपने मोबाइल से पेटीएम के जरिए भुगतान करने का नाटक शुरू किया और दुकानदार को स्क्रीन पर पेमेंट जाने का मैसेज दिखाने लगा। हालांकि दुकानदार के खाते में पैसे आने का कोई मैसेज नहीं आया। आरोपी नेटवर्क प्रॉब्लम का बहाना बनाकर जल्दी जाने की बात करने लगा। इस दौरान दुक. ानदार को उसके हाव-भाव संदिग्ध लगे और उसने आरोपी के मोबाइल से ट्रांजेक्शन चेक की, जिसमें कोई भुगतान दर्ज नहीं था। संदेह गहराने पर दुकानदार ने अपने दूसरे मोबाइल से अपने ही खाते में पैसे ट्रांसफर कर देखे, जो तुरंत आ गए। इससे साफ हो गया कि नेटवर्क की कोई दिक्कत नहीं है। जब दुकानदार ने आरोपी के मोबाइल से दोबारा भुगतान कराने की कोशिश की तो फिर फर्जी मैसेज दिखा दिया गया। जांच को और पुख्ता करने के लिए दुकानदार ने आरोपी के मोबाइल से किसी अन्य खाते में छह लाख रुपये ट्रांसफर कर देखे, जिसका भी तुरंत पेमेंट मैसेज आ गया, जबकि किसी भी ऑनलाइन पेमेंट ऐप से 24 घंटे में एक लाख रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन संभव नहीं होता। यहीं पर आरोपी की ठगी का पूरा खेल उजागर हो गया। दुकानदार ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बिहार का रहने वाला है और उसने उसी दिन ठगी की शुरुआत की थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह इससे पहले और किन-किन जगहों पर इसी तरह की ठगी को अंजाम दे चुका है।



# अवैध चाकू रखने के मामले में दोष सिद्ध, सजा और जुर्माने से दंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस की प्रभावी पैरवी का असर सामने आया है। वर्ष 2007 में अवैध चाकू रखने के मामले में दर्ज मुकदमे में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए जेल में बिताई गई अवधि के बराबर कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है।



प्रकरण थाना हाफिजपुर क्षेत्र का है, जहां अभियुक्त अजहर पुत्र मुर्शरत अली, निवासी राजपुर थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के विरुद्ध अवैध चाकू रखने के संबंध में मुकदमा अपराध आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। उस समय पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए और विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी की गई।

न्यायालय ने अभियुक्त द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने के आधार पर उसे दोषी मानते हुए 19 दिन का कारावास, जो वह पूर्व में जेल में बिता चुका है, तथा 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। हापुड़ पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई और लंबित मामलों में सख्त पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# ऑनलाइन गेम की लत बनी आफत, 16 वर्षीय छात्र घर से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत का एक और चिंता. जनक मामला सामने आया है। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रमपुरा पबला रोड निवासी 16 वर्षीय छात्र हिमालय बीते 14 दिनों से लापता है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजनों के अनुसार हिमालय नीट की तैयारी कर रहा था और पढ़ाई में होनहार माना जाता था। बीते कुछ समय से उसे ऑनलाइन गेम खेलने की आदत लग गई थी, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इसी बात को लेकर परिवार में अक्सर उसे समझाया जाता था। 24 जनवरी को पिता ने जब पढ़ाई पर ध्यान देने और गेम खेलने से मना किया तो घर में कहासुनी हो गई।



बताया गया कि पिता की डांट से नाराज होकर हिमालय घर से निकल गया और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर से रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पिलखुवा कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस का कहना है कि छात्र की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इधर, दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी बेटे का पता न चलने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग बच्चों और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराधों की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में वांछित अभियुक्त अर्जुन पुत्र मुकेश कुमार, निवासी ग्राम शाब्दीपुर थाना हाफिजपुर, को शाब्दीपुर से उबारपुर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाश पुलिस को काफी समय से थी और उसके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। थाना हाफिजपुर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाने लाकर उससे पूछताछ की गई और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### साइबर ठगी पर पुलिस का प्रहार

**हापुड़।** जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धौलाना की साइबर क्राइम टीम ने सराहनीय सफलता हासिल की है। साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के खाते से निकाली गई धनराशि में से 40 हजार रुपये पुलिस ने अथक प्रयासों के बाद वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से साइबर सैल लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में 7 फरवरी 2026 को थाना धौलाना क्षेत्र के उदयरामपुर नंगला निवासी जितेंद्र पुत्र धर्मसिंह द्वारा साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर उसके खाते से 54 हजार रुपये निकाल लिए थे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# स्मार्ट मीटर का विरोध तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झालू बिजली घर पर प्रदर्शन किया। भाकियू (टिकैत) नगर अध्यक्ष डॉ. कर्मेंद्र सिंह व शुभम कुमार राणा के नेतृत्व में किसानों ने बिजली विभाग के जेई सुदेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि बिजली घर के किसी भी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया, तो बिजली विभाग के विरुद्ध बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। किसानों ने स्मार्ट मीटर को उपभोक्ता विरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ता विनीत चौधरी, बिल्कुल चौधरी, नीपू सिंह, राहुल चौधरी, रोहन गलियां, कपिल कुमार, अभिषेक, नानू मलिक, मोहित कुमार, टिंकू कुमार, राजीव कुमार, संदीप कुमार, संजीव गलियांन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जान मुहम्मद के लिए ब्रजवासियों ने सत्य को चुना : डा. शेख



**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेख ने कहा है कि यह कृष्ण भगवान की धरती है जहां सत्य की जीत हमेशा हुई है और मानवों से प्रेम करना भगवान श्री कृष्ण ने इंसानों को बताया है, जैसे कि आप जानते है ,कुछ लोग हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश भर में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं, उसी तर्ज पर मथुरा के नौहझील के एक विद्यालय के हेड मास्टर को निशाना बनाया गया उन पर तरह तरह के इल्जाम लगाए गए, जैसे बच्चों को नमाज पढ़ना, राष्ट्र गान न कराना, इस्लाम धर्म का प्रचार करना ,और भी गंभीर आरोप लगाए गए ,और तो और शिक्षा विभाग ने इस छुट भईया नेता के पत्र को इतनी गंभीरता से लिया कि बिना किसी जांच के हैड मास्टर जान मुहम्मद को सस्पेंड कर दिया नफरती गैंग अपने मकसद में कामयाब हो गया ,डॉ शेख ने कहा कि लोकल और नेशनल मीडिया। ने एक सीधे और शरीफ इंसान को विलेन बना दिया,या यह कहा जय कि सत्ता का तन ढकते ढकते कुछ नफरती मीडिया खुद नंगी हो गई ।, डॉ शेख ने कहा कि देश में नफरत फैलाने और भाई चारे को खत्म करने में मीडिया का अहम रोल है ,लेकिन मैं सलाम करता हूँ बृज और नौहझील की जनता का, स्कूल के मास्टरों का , स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का और उन के अभिभावकों का जो सच के साथ खड़े रहे ,और क्षेत्र की जनता ने शिक्षा के मंदिर को बदनाम होने से और बे कसूर मास्टर को परेशान होने से बचा लिया ,अब फर्ज बनता है उस मीडिया का जिसने जान मुहम्मद को विलेन बनाया था ,अब उस को हीरो दिखाए ,डॉ शेख ने कहा कि अब देश को जरूरत है असली हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई देश भक्तों की जो देश को जोड़ सके और नफरत के खिलाफ लड़ सके तभी हमारा भारत विश्व गुरु बनेगा ।

### गैराज में खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी

**मंडावली।** करण मिस्त्री पुत्र चौधरी रिशाल सिंह, निवासी ज्वालापुर बाईपास, सीतापुर (उत्तराखंड), वर्तमान में शिव मंदिर के पास जटपुरा रोड पर गाड़ियों की बॉडी एवं मरम्मत का कार्य करते हैं। उन्होंने थाना मंडावली में दी गई तहरीर में बताया कि 06 फरवरी 2026 को चार वाहन मरम्मत के लिए उनकी दुकान पर आए थे, जिन्हें उनके स्वामियों द्वारा वहीं खड़ा कर दिया गया था। पीड़ित के अनुसार वह सामान्यतः दुकान पर चौकीदार रखते हैं, लेकिन अचानक चौकीदार की तबीयत खराब हो जाने के कारण उस रात दुकान पर किसी को छोड़ पाना संभव नहीं हो सका।

# छह यात्रियों की मौत ,एक घायल , घटना देख कांप गई रूह

**मथुरा।** जनपद के सुरीर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस–वे पर शनिवार तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। सुरीर थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 88 के पास एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कंटेनर ने बस से उतरकर खड़े यात्रियों को रौंद दिया। इस भयावह घटना में एक अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी लेने के लिए कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसएसपी घटना स्थल पर पहुंच गए। यह घटना शनिवार तड़के करीब 2:45 बजे घटी। दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही एक बस के कुछ यात्री लघुशंका के लिए एक्सप्रेस–वे पर उतरे थे। हालांकि, बस चालक ने यात्रियों को सुरक्षित 'ग्रीन जोन' में न रोक. कर सड़क के किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले तो बस को जोरदार टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े यात्रियों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया।

दुर्घटना में जान गंवाने वाले सोनू पुत्र विनोद ग्राम एरवा कटरा,जिला औरैया, देवेश पुत्र राम सिंह ग्राम भेलबल, पोस्ट कोठवा, जिला बस्ती,असलम पुत्र बशरूद्दीन ग्राम गड़े का पुरवा, जिला कन्नौज,संतोष पुत्र रामवीर प्रेमनगर, दिल्ली, अनुराग पुत्र आनन्द ग्राम कन्चौसी,थाना दिबियापुर, जिला औरैया, प्रमोद पुत्र साधू सिंह ग्राम बडगाँव, थाना जसराना, जिला फिरोजाबाद हैं। इस घटना में शिवकांत दुबे पुत्र अमरकांत दुबे निवासी बेला जिला औरया घायल हो गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस–वे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मार्ग को सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कंटेनर चालक की तलाश जारी है। मंडलायुक्त नागेन्द्र प्रताप एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने मांट टोल प्लाजा के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। कमिश्नर ने सभी को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के आद. ेश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एसडीएम मांट, सीओ मांट सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कटकर आत्महत्या

**चंदक।** नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम पुण्डरी के निवासी भीम सिंह पुत्र जगदीश ने आज शाम स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। शाम को एक मालगाड़ी सहारनपुर की दिशा में जा रही थी। इस बीच यह उसके सामने कूद गया। जिससे इसका हाथ व पैर कट गए। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया है।

# मुस्लिम छात्र–छात्राओं के हाफिज/आलिमा बनने की खुशी में हुआ जलसे का आयोजन



**मथुरा।** डीगगेट मेवाती मोहल्ले स्थित मरहूम मौलाना हप्पन के घर के सामने चरखे वाले मैदान में कई मुस्लिम छात्र छात्राओ के हाफिज/आलिमा बनने की खुशी में एक दो दिवसीय बड़े जलसे का आयोजन किया गया । जिसमे पांच छात्र हाफिज एवं पन्द्रह छात्राओं को आलिमा का खिताब दिया गया। छात्र–छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र मालेगांव से तशरीफ लाये हजरत मौलाना सैयद अमीनुल कादरी साहब एवं हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अमान मियां मारहरा शरीफ से तशरीफ लाएं जिनके आने पर जलसे में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दोनों अली. मेदीन मौलानाओ ने मुस्लिम समाज में नए सुधार लाने के लिए दीन हदीश से जुड़ी तकरीरें दी ,जैसे बेटी की शादी में खाना और दहेज लेने पर प्रतिबंध आदि कई मुद्दों पर बयान किए और सभी मुद्दों पर अमल करने का लोगो ने हाथ उठाकर वादा भी किया । मस्जिद ए मेवातियांन के इमाम जियाउर रहमान ने बताया कि इस जलसे में पांच छात्र मोहम्मद अली, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद सुफियान, मोहम्मद साहिल मोहम्मद रिहान हाफिज हुए हैं,और पंद्रह छात्राओं को आलिमा की तालीम दी गई हैं,फिजा फातिमा, जिया फातिमा, फरहीन फातिमा, सानिया फातिमा, कैफिया फातिमा, सोफिया फातिमा, सानिया फातिमा,अरीबा फातिमा,सानिया फातिमा,महजबीन फातिमा,खुशी फातिमा,शाजिया फातिमा, मुस्कान फातिमा,रजीशी फातिमा,सानिया फातिमा । इसके अलावा हाफिज जियाउर रहमान का कहना कि आगे प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम छात्र–छात्राएं तालीम लेकर ऐसे ही जलसों की रौनक बढ़ाते रहें ।देश और दुनियां में अमनचौन और खुशहाली बनी रहे, मुस्लिम समाज के सभी लोगों से गुजारिश है कि अपने अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ साथ दीनी तालीम भी जरूर दें ।

# सीएम योगी के विजन ने बदली किस्मत, रामपुर में जनता दर्शन बना जीवनदायिनी राहत केंद्र







शाह टाइम्स

**रामपुर।** अक्सर सरकारी योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह जाती हैं, लेकिन जब मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और संवेदनशील प्रशासनिक नेतृत्व साथ आ जाए, तो वही योजनाएं लोगों की जिंदगी बदलने का माध्यम बन जाती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इसी विजन को जमीन पर उतारते हुए रामपुर जिला प्रशासन ने जनता दर्शन को केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि जीवनदायिनी राहत केंद्र के रूप में विकसित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरीब-कल्याण नीति का जीवंत उदाहरण आज रामपुर बनकर उभरा है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अनूठी पहल से कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक लगने वाला जनता दर्शन जरूरतमंदों के लिए आशा और राहत का केंद्र बन चुका है। यहां आने वाले फरियादियों को अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि मौके पर ही ठोस समाधान मिल रहा है।जनता दर्शन में स्वास्थ्य जांच से लेकर योजनाओं का लाभ जनता दर्शन के दौरान गंभीर बीमारी से पीड़ित फरियादियों की जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा वहीं स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों को महज 7 दिनों के भीतर अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। कई मामलों में यह प्रक्रिया 3 से 4 दिन में ही पूरी कर दी जा रही है। इस पहल के तहत कैंसर, किडनी, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को न सिर्फ आयुष्मान योजना के तहत इलाज मिल रहा है, बल्कि राशन कार्ड, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। तीन माह में 90 अंत्योदय और 147 आयुष्मान कार्ड जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एएडउ) सूची में नाम न होने के कारण जो परिवार योजनाओं से वंचित थे, उनकी नियमानुसार जांच कर तत्काल अंत्योदय कार्ड जारी किए जा रहे हैं। पिछले तीन महीनों में 90 पात्र परिवारों के अंत्योदय कार्ड और 147 आयुष्मान कार्ड बनवाए जा चुके हैं। इस पहल का उद्देश्य स्पष्ट है–सरकारी योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक जरूरतमंद तक पहुंचें। योगी सरकार का संकल्प, प्रशासन की संवेदनशीलता रामपुर में लागू यह गॉडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस संकल्प को साकार करता है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रशासनिक तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण ने यह साबित कर दिया है कि अगर प्रशासन चाहे, तो बदलाव संभव है। लाभार्थियों की जुबानी मोहम्मद चमन (फरियादी) ने कहा, ह्मैं गंभीर बीमारी से पीड़ित हूं। जनता दर्शन में आने के बाद न केवल मेरी बात सुनी गई, बल्कि अंत्योदय और आयुष्मान कार्ड भी बनवाया गया। आज मेरा इलाज चल रहा है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है ह्व रेशमा परवीन ने कहा, ह्महमें विश्वास नहीं था कि इतनी जल्दी मदद मिलेगी। योगी सरकार और रामपुर जिला प्रशासन ने हमारा भरोसा मजबूत किया है ह्व महेंद्र सिंह ने कहा, ह्मगुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, उनका वास्तविक लाभ हमें मिला है। रामपुर प्रशासन का हम दिल से धन्यवाद करते हैं ह्व निष्कर्ष रामपुर में जनता दर्शन आज केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए उम्मीद, इलाज और सम्मानजनक जीवन का माध्यम बन चुका है। यह मॉडल न केवल योगी सरकार के विजन को दर्शाता है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल भी है।

# मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से पारिवारिक विवाद सुलझा, परिवार टूटने से बचा



शाह टाइम्स

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियानझ5.0 के अंतर्गत थाना कोतवाली रामपुर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने महिला संबंधी विवाद में अहम भूमिका निभाते हुए पारिवारिक मतभेद का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया। दहेज की मांग को लेकर मारपीट व उत्पीड़न से परेशान महिला के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई की गई। मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त म0हे0का0 चिंकी यादव, म0हे0का0 नीरज एवं प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। समझाइश के बाद पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए सहमत हो गए। पुलिस की पहल से परिवार टूटने से बच गया। दोनों पक्षों ने मिशन शक्ति टीम की सराहना करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने का संकल्प लिया।

# ईओ के न होने से नगर पंचायत के विकास कार्य ठप, नागरिक परेशान

शाह टाइम्स

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण नगर के विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। ईओ के न होने से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे हैं, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगातार नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसी को नौकरी, शिक्षा तो किसी को अन्य कार्यों के लिए प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, लेकिन कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। वहीं सामूहिक विवाह योजना के फार्म भी अधर में लटके हुए हैं। जिन युवतियों की अप्रैल माह में शादी प्रस्तावित है, वे कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं।नगर पंचायत कर्मचारियों को जनवरी माह का वेतन भी अब तक नहीं मिला है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और फीस जमा करने में भी दिक्कत आ रही है। बताया गया है कि नगर पंचायत के ईओ सचिन कुमार एक माह पूर्व अवकाश पर गए थे, इसके बाद से नगर पंचायत के सभी कार्य प्रभावित हैं। आरोप है कि उन्होंने एक वर्ष का अवकाश ले लिया है और नगर पंचायत मसवासी में कार्यभार संभालने नहीं आ रहे हैं। नगरवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शीघ्र किसी अन्य ईओ की तैनाती की जाए, ताकि रुके हुए विकास कार्य पूरे हो सकें और नागरिकों को राहत मिल सके।

# महाशिवरात्रि पर डीएम एसपी ने किया मंदिरों का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश




शाह टाइम्स

**रामपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र ने भमरौआ शिव मंदिर एवं शिव मंदिर रठौंडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जलाभिषेक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने मंदिर परिसरों में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और आपसी समन्वय को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्व के दौरान पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा। शिव मंदिर रठौंडा में निरीक्षण के दौरान शिव गंगा की साफ-सफाई को और बेहतर करने के निर्देश उपजिलाधिकारी मिलक एवं खंड विकास अधिकारी मिलक को दिए गए। साथ ही प्रभावी सफाई के लिए शिव गंगा पर रैम्प निर्माण के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त मंदिर के पास स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर जलकुंभी हटाने के लिए मशीनों से सफाई कराने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिल सके।

# नवाबजादा कलीम खां के इंतकाल से सचीन, लोहारू और रामपुर के शाही परिवारों में शोक

## पूर्व मंत्री नवेद मियां पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने किया गम का इजहार




शाह टाइम्स

**रामपुर।** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के मामू नवाबजादा कलीम खां का 75 वर्ष की आयु में दिल्ली में इंतेकाल हो गया। वो पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के फूफीजाद भाई थे। उनकी पत्नी बेगम कहकशां खान रामपुर की हैं। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखण्ड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने बताया कि नवाबजादा कलीम खां ऑफ सचीन के इंतकाल से लोहारू और रामपुर के शाही घरानों में भी गम का माहौलहै। उनकी तदफीन दिल्ली में महरौली स्थित लोहारू कब्रिस्ताब में हुई। तदफीन में नवेद मियां समेत परिवार के सभी लोग शामिल हुए। पूर्व मंत्री नवेद मियां ने नवाबजादा कलीम खां के इंतकाल पर गहरे गम का इजहार किया है। उन्होंने मरहूम की पत्नी बेगम कहकशां खान, उनके बेटे और बेटी के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने कहा है कि गुजरात की रियासत रहे सचीन, लोहारू और रामपुर के शाही परिवारों के लिए यह अपूरणीय क्षति है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने बताया कि नवाबजादा कलीम खां उनके सगे फूफीजाद भाई थे। उनके इंतकाल की खबर सुनकर बेहद तकलीफ पहुंची है। अल्लाह से उनकी मगफिरत की दुआ है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का स्टेट रिव्यू मिशन के तहत हुआ गहन निरीक्षण



शाह टाइम्स

**टांडा।** शनिवार को शासन के निदेशों के क्रम में स्टेट रिव्यू मिशन के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा सहित क्षेत्र के कुछ आरोग्य मंदिर जिसमें छतरिया जागीर, चंदूपूरा, ढक्का नागलिया सहित कुछ आरोग्य मंदिर का राज्य स्तरीय टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण का उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता संसाधनों की उपलब्धता एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अनुपालन की समीक्षा करना है। निरीक्षण दल में शामिल डॉक्टर दिनेश कुमार भारती तथा अनिल कुमार डीसीएमएच द्वारा स्वास्थ्य इकाइयों का निर्माण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से आकलन किया गया। जिसमें टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा पर संचालित प्रयोगशाला कक्ष की विशेष तारीफ की गई। उन्होंने बताया जनपद रामपुर में किसी भी ब्लॉक की सबसे सुंदर और व्यवस्थित प्रयोगशाला टांडा में देखने को मिली है, यहां विशेष साफ सफाई की सुविधा के साथ-साथ मरीजों को लगभग समस्त जांचों का लाभ मिल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में औषधि भंडार ओपीडी कक्ष इमरजेंसी सेवाएं लेबर रूम नवजात शिशु देखभाल इकाई प्रयोगशाला कक्षा सहित सभी विभागों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार सभी बिंदुओं पर जांच कर आवश्यक अभिलेख पूरे किए टीम ने साफ सफाई दवाओं की उपलब्धता स्टाफ की उपस्थिति मरीज के लिए सुविधा एवं रिकॉर्ड संधारण की भी समीक्षा की निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतपाल, डॉक्टर अजय, डॉक्टर धीरज निम, ठा.मयंक प्रताप सिंह, पारुल शर्मा, जयवीर, मतीन सहित समस्त चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा ।

# छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



शाह टाइम्स

**रामपुर।** थाना मिलकखानम पुलिस ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत बच्चों को प्रशिक्षण व छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने और फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को वादी की तहरीर पर अभियुक्त अर्पित राजपूत पुत्र राजेश कुमार निवासी शिव बिहार, ज्वालानगर, थाना सिविल लाइन, जनपद रामपुर के खिलाफ थाना मिलकखानम पर मु0अ0सं0 114/2025 अंतर्गत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि अभियुक्त ने प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़प लिए तथा फर्जी प्रमाण पत्र देकर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी। आज दिनांक 07 फरवरी 2026 को थाना मिलकखानम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को होटल ग्रीनलीफ, सराय रोड, थाना ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड) से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की।

# केंद्रीय बजट पर मंत्री बलदेव सिंह औलख ने की प्रेस वार्ता



शाह टाइम्स

**रामपुर।** संत शिरोमणि दास गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई दिशा देगा। मंत्री ने बताया कि बजट में हाई-स्पीड रेल, एक्सप्रेसवे, एमएसएमई ग्रोथ फंड, बायोफार्मा शक्ति योजना, पिछड़े क्षेत्रों के विकास, कृषि में एआई तकनीक, जलमार्ग, जीवनरक्षक दवाओं पर शुल्क छूट, हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल, नई तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, औद्योगिक क्लस्टर और शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, मोहन कुमार लोधी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, दीपक गुप्ता, विकास दीक्षित, पारुल अग्रवाल, शिवा शर्मा, अभिषेक सिंघल, योगेंद्र गंगवार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएचसी काउंसलर के मकान में चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

शाह टाइम्स

शाहबाद/रामपुर शनिवार को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात काउंसलर शाजिया निसार के मकान में बेखौफ चोरों द्वारा घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस हल्का इंचार्ज रमेश चंद्र जांच के लिए काउंसलर के सीएचसी स्थित आवास पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उधर काउंसलर शाजिया निसार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।शाजिया निसार ने जानकारी देते हुये बताया वह रोज की तरह शनिवार को अस्पताल में ड्यूटी पर गई थी, दोपहर 12 बजे उन्हें जानकारी मिली कि उसके घर में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है, ड्यूटी छोड़कर घर आई तो देखा कि घर में कपड़े बिखरे पड़े थे और आभूषण भी गायब थे। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है, हमारे पास अभी प्रार्थना पत्र नहीं आया है।

### सूचना

मैने अपनी पुत्री कुमारी सोफिया को गलत संगत में पड़ जाने तथा गलत आचरण के चलते अपनी चल वा अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है । भविष्य में मुझसे वा मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा अपने कृत्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

फारूक पुत्र श्री नन्हे निवासी ग्राम किशनपुर मौलागढ तहसील स्वार जिला रामपुर

# टांडा में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या

## बेटे हारिश ने बताया घर से जेवर और लाखों की नकदी गायब

शाह टाइम्स

**टांडा।** शनिवार को मोहल्ला नज्जूपुरा में उस समय सनसनी फैल गई, जब 65 वर्षीय वृद्ध महिला रफत शाहीन पत्नी मोहम्मद रफी की उनके ही घर में गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद घर में रखे सोने के जेवर और नकदी गायब पाई गई है। परिजनों के अनुसार घटना के समय महिला का बेटा हारिस और पति अपनी दुकान पर थे, जबकि रफत शाहीन घर पर अकेली थीं। शनिवार को उनके घर पर साप्ताहिक दीनी बैठक का आयोजन होना था। बैठक में शामिल होने पहुंची एक महिला ने जब दरवाजा खोला तो रफत शाहीन को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। महिला को उठाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर वह तुरंत घर के पास ही मौजूद बेटे हारिस की दुकान पर पहुंची और घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही हारिस मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि उसकी मां के मुंह से खून निकल रहा था। घबराए हारिस ने तत्काल पास के एक डॉक्टर को बुलाया, लेकिन जांच के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हारिस ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी के लिए घर की अलमारी में सोने के जेवर और लाखों रुपये की नकदी रखी थी। घर में पहुंचने पर उसने देखा कि अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और उसमें रखे सभी जेवर व नकदी गायब थे। इससे हत्या के साथ लूट की आशंका और भी गहरा गई है। घटना की सूचना पर पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि घटना से जुड़े सुराग मिल सकें। वृद्ध महिला की हत्या की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आसपास के घरों की छतों पर भी लोग जमा होकर घटनास्थल को देखने लगे। मोहल्ले में शौक के साथ-साथ भय का माहौल व्याप्त है।





**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

सीओ कीर्ति निधि आनंद का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले के जल्द खुलासे के लिए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# दो डंपरों की आमने-सामने की टक्कर में एक गंभीर, घायल





शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर ।** शनिवार को एक शाहबाद रामपुर स्टेट हाईवे पर उदयपुर जागीर मोड़ के पास दो डंपरों की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में रामपुर की ओर से बजरी लेकर आ रहे डंपर चालक नर्बियल सिंह 50 वर्षीय,निवासी दातागंज, जिला बदायूं वाहन के बोनट और स्टीयरिंग के बीच बुरी तरह फंस गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों, पुलिस और राहत टीमों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया।चालक को निकालने के लिए करीब तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गेलेंडर मशीनों और गैस कटर की सहायता से चालक को डंपर से सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।घायल चालक नर्बियल सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल एंबुलेंस से रामपुर जिला अस्पताल भेजा गया। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कारण सड़क पर काफी देर तक जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद रामपुर में जागरूकता अभियान





शाह टाइम्स

**रामपुर।** मिशन शक्तिझ5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद रामपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति केन्द्र की टीमों एवं जनपदस्तरीय टीम द्वारा बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, कानूनी अधिकार एवं नारी सम्मान से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला शक्ति हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता समझाई गई। घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। संकट की स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के सरल एवं प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं अन्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

# सड़क और पुलिया नहीं तो वोट नहीं

## ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी, सपा नेता राम बहादुर गौतम डीएम से मिलेंगे

शाह टाइम्स

**शाहबाद (रामपुर)।** क्षेत्र के ग्राम निस्वा में वर्षों से बदहाल सड़क और जर्जर पुलिया को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। शनिवार को समाजवादी नेता राम बहादुर गौतम के गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों की अनदेखी का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का मुख्य मार्ग पिछले करीब 15 वर्षों से खराब हालत में है। कई बार जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। रास्ते के साथ पुलिया की स्थिति भी अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि यदि आगामी चुनाव से पहले सड़क और पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे मतदान का बहिष्कार करेंगे। उनका नारा रहा– ह्यजब तक रोड नहीं, तब तक वोट नहीं। समाजवादी नेता राम बहादुर गौतम ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान न होने पर डीएम कार्यालय व आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रीय विधायक का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# मिलावट के विरुद्ध विशेष अभियान, घी व खाद्य तेल के नमूने लिए गए





शाह टाइम्स

**रामपुर।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 के निर्देश पर जनपद रामपुर में 07 फरवरी 2026 को मिलावट के विरुद्ध विशेष छापामार अभियान चलाया गया। यह अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में संचालित हुआ। अभियान के दौरान जुलाई 2025 में संग्रहित श्री रूद्र ब्राण्ड घी का नमूना अधोमानक पाए जाने पर शिव विहार, ज्वालानगर स्थित शगुन ट्रेडर्स से घी के दो विधि नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। वहीं सेलो ब्राण्ड रिफाइण्ड सोयाबीन तेल के असुरक्षित पाए जाने के मामले में बिभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई, हालांकि यह ब्राण्ड कहीं उपलब्ध नहीं मिला। इस अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, देवकान्त एवं रामचन्द्र यादव उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त तहसील मिलक का औचक निरीक्षण



शाह टाइम्स

**रामपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा तहसील मिलक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रार, कानूनगो, उपजिलाधिकारी न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, कम्प्यूटर कक्ष सहित तहसील के समस्त पटलों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न अभिलेखों एवं पत्रावलियों की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी द्वारा रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान अलमारियों को लकर एक वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वादों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई, जिनका निस्तारण संतोषजनक पाया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने आर0के0 कक्ष में पहुँचकर परवाना रजिस्टर, सीलबंद रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों में कुछ कमियाँ पाई गईं, जिस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक महीपाल सिंह को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर खतौनी आदि के संबंध में संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की तथा वहाँ उपस्थित कम्प्यूटरीकृत खतौनी प्राप्त करने आए ग्रामवासियों से संवाद कर खतौनी नकल की शुल्क राशि के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मिलक को निर्देशित किया कि खतौनी कक्ष को ग्राउंड फ्लोर पर स्थानांतरित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को खतौनी की प्रतिलिपि सहज एवं सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके।

## रामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस

# डीएम व एसपी ने तहसील मिलक में सुनीं जनसमस्याएं



शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मिलक में जिलाधिकारी रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौ सेवा गोपाल सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज

शाह टाइम्स

**रामपुर।** गौ सेवा गोपाल सेवा समिति, जनपद रामपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 8 फरवरी को दिन में 1:30 बजे प्रिंस पार्क में आयोजित की जाएगी। बैठक में आगामी 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2026 को लोहिया पार्क, ज्वाला नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम ह्नानी बाई का मायराह्ल के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर निर्णय लिया जा सके।

# नो पार्किंग जोन में खड़े रेत के सात वाहनों का पुलिस ने किया चालान



शाह टाइम्स

**मसवासी।** मसवासी बजरंग दल के कार्यकताओं की शिकायत पर पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े होने वाले रेत के सात वाहनों के खिलाफ चालान कार्रवाई की है जिससे वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने पुलिस को अवगत कराया की रहमतगंज में रेत के कुछ ट्रक नो पार्किंग जोन में कतरबद्ध खड़े हैं। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है और कई बार हदसे हो भी चुके हैं बजरंग दल नेता इस मामले में पूर्व में भी जिला अधिकारी को पत्र सौंप कर अवगत करा चुके हैं की नो पार्किंग जोन में वाहन नो एंट्री खुलने से पूर्व भी कतारबद्ध होकर सड़क के किनारे खड़े हो जाते हैं जिससे काशीपुर मार्ग वनवे हो जाता है और मार्ग पर वाहनों के हादसे हो जाते हैं। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और नो एंट्री जोन में खड़े रेत के वाहनों का चालान कर मिलक नौखरीद ओवर ब्रिज के समीप खड़े कर दिए गए हैं। पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और नो एंट्री जोन में खड़े वाहनों को लेकर चालक इधर-उधर खिसक गये।

# शाहबाद में निजी आवास पर रामायण का पाठ शुरू



शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर ।** नगर के मोहल्ला कानून गोयान स्थित वेद प्रकाश चंद्रवंशी द्वारा अपने निज आवास पर रामायण का पाठ शनिवार सुबह ग्यारह बजे शुरू किया गया जो रविवार आज 12 बजे समाप्त होगा। वेद प्रकाश चंद्रवंशी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रामायण पाठ के पश्चात हवन पूजन और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन महेश चंद्रवंशी, रतन लाल, अमित चंद्रवंशी, मदन लाल, पंकज चंद्रवंशी, शिवम बजरंगी, ऋषभ चंद्रवंशी, लोकेन्द्र मुनि आदि मौजूद रहे।

# मदरसे दीन के किले, कुरान हिफज करने वाले तालिब ए इल्म की हुई दस्तार बन्दी




शाह टाइम्स

**मसवासी।** नाजिम ए आला मौलाना दिलशाद रजा नूरी ने कहा कि मदरसे दीन के किले हैं यहां हिफज करने वाले अमन और शांति का पैगाम देते हैं। और मदरसे इंसानियत का पैगाम देते हैं। गुरुवार की देर रात बिजारखाता के मदरसा शमसुल इस्लाम रिजविया में आयोजित दस्तारबंदी के दौरान कुरान ए पाक की तिलावत से शुरू कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मदरसे के नाजिम ए आला मौलाना दिलशाद रजा नूरी ने फरमाया की मदरसे इंसानियत और अमन का पैगाम देते हैं मदरसों से निकलने वाले कुरान हाफिज अल्लाह और उसके रसूल को सीने में रखकर दुनिया को तहजीब का पैगाम देते हैं। कुरान हाफिज के दिल में अल्लाह की किताब कुरआन ए पाक महफूज रहता है। अल्लाह ताला हाफिज और उसके परिवार वालों के गुनाह माफ कर देता है। नमाज रोजे की पाबंदी करनी चाहिए इससे अल्लाह ताला खुश होता है और नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बसीले में गुनाहों की मगफिरत हो जाती है। गरीबों यतीम और मिस्कीनों की मदद करनी चाहिए जिससे अल्लाह और उसका रसूल खुश हो जाता है । उत्तराखंड के शहर गदरपुर से आए मौलाना मुबारक अली ने अपने खिताब में फरमाया की मदरसों से कुरान हाफिज बनने वाले हाफिज गुनाहों से महफूज होते हैं और उन पर अल्लाह की रहमत बरसती है कुरान की तिलावत करने के दौरान अल्लाह के फरिश्ते उन पर रहमत की दुआ करते हैं। केलाखेड़ा के मौलाना राशिद हुसैन मिस्बाही ने भी अपने खिताब मैं फरमाया की मदरसों से इंसानियत का पैगाम जाता है । और मदरसे दीन इस्लाम के किले हैं। इस मौके पर मुरादाबाद के मौलाना हम्माद साहब, कारी युसूफ कमाल, मुफ्ती ताजीम, मौलाना इलियास, मुफ्ती आसिफ रजा, कारी अब्दुल गफ्फार, कारी अरबे अली, आदि ने भी कॉन्फ्रेंस में किताब फरमाया। कॉन्फ्रेंस से पूर्व कुरान हिफज करने वाले मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहवेज, मोहम्मद अमान,मोहम्मद रिहान, सरफराज अहमद, सुहेल अहमद, मोहम्मद जीशान की दस्तारबंदी की गई इस दौरान उनके परिवार वाले भी मौजूद रहे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## दे दनादन क्रिकेट को लेकर गूगल ने बनाया डूडल

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोशल मीडिया सर्च इंजन गूगल ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में आज से शुरु हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए डूडल बनाया है। शनिवार से शुरू हुए विश्वकप को लेकर गूगल द्वारा बनाए गए इस खास डूडल में क्रिकेट की गेंद, बल्ले, स्टंप और रनों की आकृति को उकेरा है। इस बार के विश्वकप में तकनीक की भी विशेष भूमिका रहेगी। गूगल का जेमिनी मंच आधिकारिक 'एआई फैन कंपेनियन' के रूप में पेश किया गया है, जो दर्शकों को क्रिकेट के नियमों की सरल व्याख्या करेगा और 'क्रेजी फैन' अवतार कॉन्टेस्ट जैसे रोचक अनुभव उपलब्ध कराएगा। तकनीक और क्रिकेट के अनूठे संगम के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप न केवल खेल के मैदान पर, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई चमक बिखेरेगा।

## भारतीय अरबपति आरसीबी के लिए बोली लगाने वालों में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ग्लोबल बोली की जंग का केंद्र बन गया है, जिससे फेंचाइजी की छवि अंडरअचीवर से बदलकर लीग की सबसे कीमती संपत्तियों में से एक हो गई है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के होने के बावजूद दिल टूटने और करीबी हार के लिए लंबे समय तक मजाक उड़ाए जाने के बाद, आरसीबी ने आखिरकार 2025 में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इस सिलसिले को तोड़ा। इस जीत के तुरंत बाद दूसरा महिला प्रीमियर लीग खिताब भी जीता, जिससे फ्रेंचाइजी को देखने का नजरिया नाटकीय रूप से बदल गया है।

# सचिन, विराट व गंभीर ने अंडर-19 टीम को दी बधाई



● सचिन तेंदुलकर ने लिखा चैंपियंस, युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व, कोच व सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी



● विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर विश्व कप जीतने के लिए बधाई



● गौतम गंभीर ने कहा कि तुम लड़कों पर गर्व, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-19 टीम को शुक्रवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फाइनल में इंग्लैंड पर 100 रन की जबरदस्त जीत के साथ रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप टाइटल जीतने के बाद क्रिकेट जगत से बहुत तारीफ़ मिली। महान बैटिंग सचिन तेंदुलकर ने युवा टीम के निडर अप्रोच की तारीफ की और बैटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव! एज-ग्रुप लेवल पर भारत के लगातार दबदबे को हाईलाइट करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने के लिए बधाई। एज-ग्रुप क्रिकेट और उससे आगे भी हमारा दबदबा जारी है। पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ को शाबाशी। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि तुम लड़कों पर गर्व है! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय टीम को बधाई दी और साथ ही इंग्लैंड और टूर्नामेंट होस्ट की भी तारीफ की। शाह ने पोस्ट किया कि भारत को उनके छठे आईसीसी अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप टाइटल के लिए बहुत-बहुत बधाई! वे इसके हकदार हैं, लेकिन फाइनल तक शानदार प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड भी अपना सिर ऊंचा रख सकता है और जिम्बाब्वे क्रिकेट और क्रिकेट नामीबिया को एक शानदार टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए शाबाशी, जिसने हमारे खेल के भविष्य के सितारों को दिखाया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने शुरुआत में ही एलेक्स ग्रीन के सेमी-फ़ाइनल सेंचुरी बनाने वाले एरॉन जॉर्ज को आउट करके बढ़त बना ली।

## ओम बिरला ने भारतीय टीम को दी शाबाशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है और इस जीत को देश के लिए गौरव का क्षण और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया है।



श्री बिरला ने बधाई संदेश में युवा क्रिकेटरों के वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन की सराहना की और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि युवा भारत, विश्व चैंपियन भारत। अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता ने देश भर में लाखों लोगों को अपार खुशी दी है। श्री बिरला ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हमारी टीम ने लाखों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। यह क्षण देश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा और अपार प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत ने शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत ने आयु वर्ग क्रिकेट में देश के मजबूत रिकॉर्ड में एक और अध्याय जोड़ दिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं के पोषण में वैश्विक शक्ति के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है।

## भारत की इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल कॉन्टिनेंटल टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया।

यहां 26 साल की वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके अपना तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल निशानेबाजी खिताब जीता। वलारिवन ने 2019 में अपना पहला एशियन खिताब जीता था। भारतीय निशानेबाज ने छठी सीरीज में बढ़त बनाई और आखिर तक इसे बनाए रखा। वलारिवन की तरह ओलंपियन मिसाकी नोबाटा 251-5 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोडियम पर तीसरे स्थान पर 32 साल की मेघना सज्जनार (229-5) रहीं, जिन्होंने अपनी हमवतन आर्या बोरसे को फाइनल राउंड में हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, वलारिवन ने 633-7 के



● वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करने निशानेबाजी खिताब जीता

स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप किया था, जबकि बोरसे (630-3) और सज्जनार (628-6) क्रमश: तीनों ने मिलकर इस स्पर्धा में 1892-6 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

जापान और कजाकिस्तान ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। भारत की श्रेया अग्रवाल (632-0) और सोनम उत्तम मस्कर (631-9) क्वालिफायर में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मिले तीन पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है।

## A+ प्लस से B वर्ग में खिसके रोहित-विराट

● इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं, शुभमन गिल, बुमराह, रवींद्र अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं

**मुंबई, वार्ता।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है। पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची **ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट, सूर्यकुमार, वाशिगटन, केएल राहुल, हार्दिक, सिराज, पंत, कुलदीप, जायसवाल, अय्यर। **सी वर्ग:** अक्षर, तिलक, रिंकू, शिवम दुबे, संजू , अर्शदीप, प्रसिद्ध, आकाश, ध्रुव, हर्षित, वरुण नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

## BCCI ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है। हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7-5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

## चेन्नई सिंघम्स ने पहली बार जीता आईएसपीएल का खिताब

● खिताबी मुकाबला दर्शकों से खचाखच भरे सेलालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया

**सूरत, वार्ता।** चेन्नई सिंघम्स ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) सीजन 3 का अपना पहला खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सिघम्स ने टाइगर्स ऑफ कोलकाता को 29 रनों से शिकस्त दी।

यह खिताबी मुकाबला शुक्रवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच खेला गया। फाइनल के दौरान आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्य सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज समत के साथ-साथ लीग के ऑपरेशंस प्रेसिडेंट दीपक चौहान भी मौजूद रहे। चेन्नई ने शुरुआत से अंत तक मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टॉस जीतकर चेन्नई सिघम्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज केतन म्हात्रे और जगन्नाथ सरकार ने तेज शुरुआत दिलाई। शुरुआती ओवर में जगन्नाथ को जीवनदान मिला, जिसके बाद केतन ने दूसरे ओवर में 28 रन ठोकते हुए आक्रामक अंदाज अपनाया। जगन्नाथ 14 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन केतन ने रन गति बनाए रखी।

सरोज प्रमाणिक ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर चेन्नई की रफ्तार पर थोड़ी लगाम लगाई, हालांकि सरफराज खान के अहम छक्के ने स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। केतन म्हात्रे ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली, जबकि सरफराज खान ने 11 गेंदों में तेज 20 रन जोड़े। अंत के ओवरों में गणेश और संभाजी की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिसमें संभाजी का शानदार 'नाइनर' भी शामिल रहा, चेन्नई को 10 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन तक ले गई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स ऑफ कोलकाता की टीम कभी लय में नहीं आ सकी। रजत मुंढे और सरोज प्रमाणिक की शुरुआत धीमी रही। इसके बाद जगन्नाथ सरकार ने सरोज (11 रन) को आउट किया।

## आरिफ मोहम्मद खान ने हाथों में तिरंगा उठाकर की शीतकालीन ओलंपिक्स में भारतीय दल की अगुवाई

**मिलान कोर्टिना, वार्ता।** आरिफ मोहम्मद खान ने लिविग्नो स्नो पार्क में आयोजित मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाए हुए भारतीय दल की अगुवाई की। शुक्रवार को मिलानो कोर्टिना 2026 का उद्घाटन समारोह मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में, कोर्टिना, लिविग्नो और प्रेडाजो में एक साथ आयोजित किया गया।

समारोह में परेड के दौरान आरिफ खान ने भारतीय तिरंगा उठाए हुए थे वहीं इस प्रतियोगिता में देश के एकमात्र दूसरे एथलीट, स्टैनजनि लुंडुप ने भारतीय प्लेकार्ड पकड़ा हुआ था। मिलानो कोर्टिना 2026 उद्घाटन समारोह में मारिया केरी, लौरा पौसिनी और एंड्रिया बोसेली जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मिलानो कोर्टिना आरिफ खान का दूसरा शीतकालीन ओलंपिक्स है। उन्होंने बीजिग 2022 में शीतकालीन गेम्स में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने स्लैलम और जायंट स्लैलम अल्पाइन स्कीइंग दोनों इवेंट्स में हिस्सा लिया था। आरिफ अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विटर ओलंपिक्स में दो



● आरिफ खान अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो उल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया

अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया है। मिलानो कोर्टिना 2026 में आरिफ खान केवल स्लैलम इवेंट में हिस्सा लेंगे। आरिफ ने ओलंपिक एफआईएस पॉइंट्स सिस्टम के जरिए मिलानो कोर्टिना के लिए स्लैलम में भारत का कोटा स्थान हासिल किया है। टूर्नामेंट की स्लैलम रेस 16 फरवरी को होगी। क्रॉस-कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप दूसरे भारतीय एथलीट हैं जो मिलानो कोर्टिना में हिस्सा लेंगे। उनका नाम पुरुषों की 10 किमी इंटरवल स्टार्ट फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में है। स्टैनजिन लुंडुप ने पिछले साल नॉर्वे में एफआईएच नॉर्डिक वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में भारत के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग कोटा हासिल किया था। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मिलानो कोर्टिना 2026 गेम्स के लिए चुना था।

## हर्षित राणा बाहर, मोहम्मद सिराज भारतीय टीम में शामिल

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को नवी मुंबई में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

विशेषज्ञ से सलाह लेने और स्कैन के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अनफिट करार दिया। राणा ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 की घरेलू सीरीज में तीन मैच खेले थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया था। राणा को विश्व कप दल में एक उपयोगी ऑलराउंडर के रूप में शामिल किया गया था और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने अर्धशतकीय पारी भी खेली थी। राणा का विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय दल में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे शामिल हैं। सिराज ने अब तक अपने टी-20 करियर में कुल 16 मुकाबले खेले हैं और 7.79 की इकॉनमी और 32.28 की औसत से उन्होंने 14 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से एक भी टी-20 नहीं खेला है। उन्होंने अंतिम टी-20 30 जुलाई 2024 को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। भारत अपने विश्व कप अभियान का आगाज 7 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ करेगा।

भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज

## पाकिस्तान ने कड़े संघर्ष में नीदरलैंड को हराया



● पाक ने नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली

**कोलंबो, वार्ता।** सलमान मिर्जा (तीन विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान (47 ) और फहीम अशरफ (29 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदे शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया। एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। साहिबजादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में में काइल क्लीन ने मोहम्मद नवाज (छह) को आउटकर दिया। अगले ही ओवर की पहली गेंद पर लोगन वैन बीक ने शादाब खान (आठ) को चलता कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने मोर्चा संभाला और 19वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने 19-3 ओवर में 148 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रनों की पारी खेली। शाहीन शाह अफरीदी पांच रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड के लिए आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकरेन ने दो-दो विकेट लिए। लोगन वैन बीक, काइल क्लीन और रुलॉफ वैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 19.5 ओवरों में 147 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट ने 29 गेंदों में (37), बास डलीडे 25 गेंदों में (30) रन बनाए।

## चेतन और पुलकित ने जीते रजत पदक

● विश्व कुश्ती महासंघ रैंकिंग में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है

**जागरेब, वार्ता।** भारत के चेतन और पुलकित ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमश: 63 किग्रा ग्रीको-रोमन और महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीते। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में इसके अलावा अंजलि (62 किग्रा) और निशा दहिया (68 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं।

ग्रीको-रोमन वर्ग में चेतन ने 63 किग्रा में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत के अभियान की मजबूत शुरुआत कराई। क्वालीफायर में उन्होंने कजाकिस्तान के दस्तान जारलिखानोव को 7-6 से हराया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के देजान बेरकेच को 9-0 से मात दी। सेमीफाइनल में चेतन ने ईरान के पूर्व विश्व चैंपियन मेयसम डालखानी को 14-5 से चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि स्वर्ण मुकाबले में उन्हें ईरान के एरफान बेहनाम जारकानी से 8-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पुलकित ने नॉर्डिक सिस्टम के तहत रजत पदक जीता।

उन्होंने स्वीडन की एग्नेस न्यग्रेन को 10-1 से और रोमानिया की यूरोपियन गेम्स कांस्य पदक विजेता क्रिस्टा इन्से को 2-0 से हराया। इसके बाद क्रोएशिया की मारियाना सुम्सकी के चोटिल होने के कारण उन्हें वॉकओवर मिला। हालांकि, दिन के अपने पहले मुकाबले में जापान की नाना इकेहाता से 3-1 से हार के चलते पुलकित रजत तक ही पहुंच सकीं। महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में अंजलि ने अपने अभियान की शुरुआत क्रोएशिया की लाना नोगिक पर 12-0 की शानदार जीत के साथ की। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने ब्राजील की लाइस नून्स को 5-3 से हराया।

सेमीफाइनल में उन्हें स्वीडन की ओलंपियन और दो बार की यूरोपियन चैंपियनशिप पदक विजेता जोहाना लिडबॉर्ग से 10-0 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में अंजलि ने अपनी ही साथी भाग्यश्री फांड को 5-4 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। भाग्यश्री फांड ने रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। क्वालीफायर में उन्होंने अमेरिका की अलारा बॉयड को हराया था, जबकि क्वार्टरफाइनल में उन्हें जोहाना लिडबॉर्ग से हार मिली थी।

महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में एशियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता निशा दहिया ने भी रेपेचेज के रास्ते कांस्य पदक तक का सफर तय किया।



कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत्त सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

### रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहाः ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।



■ मलेशियाई पीएम अनवर बोलेः हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहाः पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्रन्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।

### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्सः अनिल अंबानी की चैट आई सामने

### दावाः सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोलेः अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।



■ ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बात. चीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्स्टीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्स्टीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्स्टीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुईं। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।


## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

## इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे।



■ पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोलाः पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर

■ यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

### चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक



■ शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है

जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगाः ट्रम्प

### कहाः स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से



■ वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था

की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय

■ वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया

सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद



# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ



**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।

# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 घ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।

